चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 52, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में युद्धविराम की मांग 14

'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर 13

## रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

**पतंजलि के विज्ञापन का मामला**



- मीडिया में बयान देने पर शीर्ष अदालत ने जताई थी अप्रसन्नता

योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी है।

कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए क्षमा याचना की है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने यह भी कहा था कि प्रभावकारिता के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है।

आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर शीर्ष अदालत ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। न्यायालय ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में रामदेव ने कहा है कि मैं विज्ञापनों के संबंध में बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे इस गलती पर गहरा अफसोस है और मैं अदालत को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसे दोहराया नहीं जाएगा।

## बाबा तरसेम हत्याकांड का शूटर अमरजीत मुठभेड़ में ढेर

संवाददाता, देहरादून





- हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ ने मार गिराया
- सहारनपुर से मुरादाबाद जा रहा था, साथी भागने में सफल रहा

**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को एसटीएफ टीमों ने हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मार गिराया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में अमरजीत का साथी भागने में सफल रहा। मौके से 32 बोर एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन खोखे व मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने मंगलवार दोपहर कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस ब्रीफिंग कर मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। एसटीएफ को सोमवार देर शाम सूचना मिली कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर्स सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर-कलियर होकर मुरादाबाद जाने वाले हैं। इसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ के उपाधीक्षक आरबी चमोला व कुमाऊं एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने पूरे हरिद्वार जिले में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग शुरू की। रात्रि 12:30 बजे सटीक सूचना मिली कि भगवानपुर थाना क्षेत्र में गागलहेडी की तरफ दो संदिग्ध बदमाश बाइक से आ रहे हैं। चेकिंग प्वाइंट पर बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे जहां कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीमों ने उन्हें घेर लिया। घिर जाने पर बदमाश फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया।

घायल बदमाश को सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है। जोकि बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की बीती 28 मार्च की सुबह उस वक्त हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार दो सिख व्यक्तियों ने नजदीक से बाबा को दो गोलियां मारी थी। दोनों शूटर्स की पहचान अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा पुत्र सुरेन्दर सिंह निवासी सिहौरा थाना बिलासपुर (रामपुर) व सरबजीत सिंह पुत्र स्वरूप सिंह निवासी मियाविंड थाना वैरोवाल (तरनतारण) पंजाब हुई थी। सरबजीत और हत्याकांड की साजिश रचने के आरोपी सुल्तान सिंह व सतनाम सिंह पकड़ से बाहर हैं।

**हत्याकांड में 5 नामजद**

बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स के अलावा नानकमत्ता गुरुद्वारे के प्रधान पूर्व आईएएस अधिकारी हरवंश सिंह चुघ, तराई महासभा के प्रीतम सिंह और बाबा अनूप सिंह को नामजद किया गया। इस मामले में हत्याकांड की साजिश व शूटर्स को संरक्षण देने के आरोप में अभी तक सात लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार फेस्टिवल ऑफर ₹5/- प्रतिदिन

## 'इंडिया' को आज भी राम मंदिर से नफरत

**प्रधानमंत्री ने पीलीभीत में जनसभा में विपक्ष पर छोड़े सियासी तीर**

**मंदिर वालों ने भेजा निमंत्रण, फिर भी ठुकरा कर किया राम का अपमान**

**माता यशवंतरी देवी और आदि गंगा गोमती को यादकर जनता को साधा**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी और आज भी है। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया और कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया तो कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराकर भगवान राम का ही अपमान कर दिया।

पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में इतना जहर भरा है कि जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि क्या कभी ऐसा हिंदुस्तान में हो सकता है कि कोई राम की पूजा करे और उसे पार्टी से निकाल दें। सपा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। नवरात्र पर शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। शक्ति का कोई भी उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले एक वोट जब गलत हाथों में जाता था, तो भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता था। आज एक वोट उन्हीं भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का कार्य करता है। पहले देश में पथराव करने वाली, नौजवानों के रोजगार के साथ खिलवाड़ करने वाली, अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने को विवश करने वाली सरकारें आती थीं, लेकिन अब बदलते हुए भारत की तस्वीर और तकदीर लोग देख रहे हैं। कहा कि पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद एवं बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को अपना आशीर्वाद के रूप में वोट देकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।




जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी साथ में मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

**पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही देता है सफाई**

**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत बदल गया है। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट करा देता था, लेकिन आज पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनता से समर्थन मांगा।

**सीएए को लेकर विपक्षियों पर साधा निशाना**

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण के दबाव में सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही हैं। हिंदू और सिखों को भारत नागरिकता नहीं देगा तो कौन देगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दल-दल में डूबी कांग्रेस ने घोषणा पत्र भी ऐसा दिया है जो मुस्लिम लीग का लग रहा है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह वोट की ताकत है। वोट से मजबूत सरकार बनी है।

**सिख गुरुओं को नमन कर दिलाई 84 के दंगों की याद**

प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं को नमन कर आने वाले वैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से सुनते आए हैं कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...यह बोल भारत की वीर परपंरा के प्रतीक हैं। उन्होंने 84 के दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया, यह कोई भूल नहीं सकता।

## हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

**शराब नीति मामला**

- अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका की खारिज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।

**बीआरएस नेता कविता की हिरासत 23 तक बढ़ी**

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

**आप को अब शीर्ष अदालत से राहत की उम्मीद**

दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा।

### एक नजर

**फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सद्दाम गिरफ्तार**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी कोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को फिर से सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल ईडी ने सद्दाम को पहले ही एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछके लिए रिमांड की अनुमति दी जाए।

**कोर्ट का आप विधायक अमानतुल्ला को समन**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक आवेदन पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं।

**चारधाम यात्रा 10 मई से पंजीकरण शुरू**

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस बार 10 मई से शुरू हो रही है। नवसंवत्सर पर मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहुर्त घोषित कर दिया गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर 10 मई को खुलेंगे। बदरीनाथ और केदारनाथ के कपाट खुलने की तिथियों की घोषणा हो चुकी है। मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहूर्त भी घोषित हो गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पर्व पर 10 मई को 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले जाएंगे। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने इसकी जानकारी दी।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी अब्बास को मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कासगंज



अब्बास अंसारी की फाइल फोटो।

- कड़ी सुरक्षा में कासगंज जेल से मंगलवार शाम गाजीपुर रवाना
- पुलिस हिरासत में ही 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल लाया जाएगा

**अमृत विचार :** कासगंज जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी। पिता मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को मौत के बाद भी अब्बास बाहर नहीं आ सका था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य कार्यक्रमों में वह शामिल हो सकेगा। 13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। कासगंज जेल से मंगलवार शाम 7.40 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया।

मुख्तार अंसारी की कब्र पर बुधवार 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ा जाएगा, जिसमें बेटे अब्बास अंसारी को भी अब शामिल होना है। सुप्रीम कोर्ट से मिले आदेश के अनुपालन में कासगंज से गाजीपुर की दूरी को देखते हुए मंगलवार रात ही कासगंज जेल निकाल कर कड़ी सुरक्षा के साथ पुलिस वाहन से अब्बास को गाजीपुर लाया जा रहा है। कोर्ट ने 10 को फातिहा पढ़ने के अलावा 11 और 12 अप्रैल को अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गयी है।

## गर्भगृह में रखी गई सोने की रामायण

- रामनवमी से पहले रामलला को मिला एक और उपहार
- पूर्व आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने किया अर्पित

अयोध्या कार्यालय



**5** करोड़ रुपये की लागत से की गई तैयार

**7** किलोग्राम स्वर्ण, 140 किलो तांबा का प्रयोग

**151** किलोग्राम है पूरा वजन

**10,902** पेज का महाकाव्य

**अमृत विचार :** रामलला के जन्मोत्सव के लिए मंगलवार को सोने की रामायण समर्पित की गई। इस पुस्तक में सोने के पन्नों पर पूरी रामायण लिखी गई है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में स्थान दिया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा के समय सेवानिवृत आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने अपने जीवन भर की कमाई रामलला को समर्पित करने का संकल्प लिया था। पांच करोड़ की लागत से 151 किलो की रामचरित मानस को तैयार कराया गया है। जिसमें 10,902 पन्नों के महाकाव्य स्वर्ण जड़ित हैं। रामायण में लगभग 140 किलो तांबा और सात किलो सोना लगा है। सजावट के लिए अन्य धातु का प्रयोग किया गया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि स्वर्ण जड़ित ताम्रपत्र पर लिखी गई रामायण की पुस्तक है। जिसे तमिलनाडु के राम भक्त लक्ष्मी नारायण ने रामलला को समर्पित किया है।

## बच्ची के दोनों पैर काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर



**तंत्र-मंत्र की आशंका**

- रविवार सुबह टॉफी लेने जाते समय लापता हो गई थी अनायजा
- बच्ची के घर से करीब 100 मीटर दूर प्लाट में कट्टे में बंद मिला शव
- पुलिस ने मामले में एक परिवार के 5 लोगों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** रविवार को लापता हुई तीन वर्षीय बच्ची का शव घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे (बोरे) में बंद मिला। बच्ची के हाथ बंधे थे और दोनों पैर कटे हुए थे। परिजनों ने बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची की मां रफीकन ने आरोप लगाया कि निकट ही घर में परचून की दुकान चलाने वाली महिला तंत्र-मंत्र करती है। अक्सर वहां बच्चों को जाते देखा गया है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं भूखंड में कूड़ा डालने गई थीं। वहां उन्होंने एक कट्टा पड़ा देखा। जिस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। महिलाओं ने यह बात गांव वालों को बताई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कट्टे से शव को निकाला। शव की शिनाख्त लापता हुई दानिश की तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर के रूप में हुई। बच्ची के दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे। दोनों पैर कटे हुए थे और चेहरे पर पॉलीथीन ढंकी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। प्रेम-प्रसंग व तंत्र-मंत्र समेत सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

**सर्वेक्षण** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

## धर्म-आस्था के अलावा वनस्पतियों का भी केंद्र बिंदु रहा है नैमिषारण्य

**खास**

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीतापुर जिले में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक नैमिष आरण्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने सर्वेक्षण किया है, जिसमें क्षेत्र को आस्था और धर्म के साथ पौराणिक काल में भी वनस्पतियों का केंद्र बिंदु होने की पुष्टि हुई है। उत्खनन के दौरान मिली वस्तुओं पर विशेषज्ञों की एक टीम अध्ययन कर और अधिक जानकारी जुटा रही है।

**उत्खनन में मिले प्राचीन काल के खिलौने**

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जब उत्खनन कराया तो उसमें कई प्रकार के बर्तन, औजार, शाकाहारी खाद्य पदार्थ, दीवार और फर्श एवं प्राचीनकाल के खिलौने के नमूने प्राप्त हुए। ये सभी नमूने अभी विशेषज्ञों की टीम के द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं।



नैमिष क्षेत्र में समय-समय पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वेक्षण करती रहती है। इस बार के सर्वेक्षण में 15 से अधिक तीर्थों के अलावा 50 से अधिक छोटे- बड़े मंदिरों को जोड़ा गया। पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी तिवारी के निर्देशन में कराए गए सर्वेक्षण में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव और डॉ. अरविंद त्रिपाठी शामिल रहे। सभी ने मिलकर दो माह तक लगातार खोज कार्य किया। आठ स्थानों पर हुए उत्खनन के दौरान मृदभांड और मूर्तियां प्राप्त हुईं। खोज में कुषाण काल और द्वितीय कालखंड के अलावा मध्यकाल की सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इससे स्पष्ट हुआ है कि यह क्षेत्र वास्तव में धर्म और आस्था का प्राचीनतम केंद्र रहा ही है।



अरविंद त्रिपाठी



दुर्गेश श्रीवास्तव

**इन तीर्थ पर अध्ययन**

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जिन तीर्थ पर अध्ययन किया, उसमें चक्र तीर्थ, मनु - शतरूपा तपस्थली, देव देवेश्वर, मिश्रिख तीर्थ, सेतु बंधु रामेश्वर, शूल भेद, दशाश्वमेध घाट और काशी कुंड शामिल है। पुरातत्व विभाग की टीम के इस सर्वे से यह तो स्पष्ट हो गया कि नैमिषारण्य क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे से ही बस्ती का उद्गम शुरू हुआ। अनुमान लगाया गया कि यहीं से लोगों ने इस अरण्य में बसेरा बनाना शुरू किया और आज यह क्षेत्र एक सनातन सभ्यता और संस्कृति के रूप में विश्वविख्यात है।

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

## देवी मंदिरों में हुई मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना, नारियल व फल चढ़ाकर की परिवार की सुख शांति व खुशहाली की कामना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन शक्ति के प्रथम स्वरूप देवी शैलपुत्री का पूजन करने के लिए माता के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह-सवेरे पूजन की थाल लेकर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। लाल रंग की चुनरी, नारियल चढ़ाकर देवी का पूजन किया गया।

मंगलवार से शक्ति की आराधना का नौ दिवसीय पर्व आरंभ हो गया। भक्तों ने उपवास धारण कर देवी का पूजन किया। रानीबाग स्थित शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देवी के दर्शनों के लिए कतारों में लोग खड़े रहे। श्रृंगार सामग्री के साथ ही देवी को नारियल व फल का प्रसाद चढ़ाकर परिजनों की सुख शांति व खुशहाली की कामना की। इसके अलावा शहर के प्राचीन देवी मंदिर, जगदंबा नगर स्थित जगदंबा माता मंदिर बरेली रोड स्थित लटूरिया आश्रम, कालाढूंगी रोड स्थित सत्यनारायण मंदिर, कालू सिद्ध मंदिर, कालीचौड़ मंदिर, बेरीपड़ाव स्थित अष्टभुजा महालक्ष्मी मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही।

इधर, प्रथम नवरात्र पर बिठौरिया की महिलाओं ने क्षेत्र में सामूहिक भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम में कृष्णा जोशी ने हारमोनियम, शोभा जोशी ने ढोलक पर संगत की। यहां मीरा पड़लिया, रजनी जोशी, हेमा पांडे, आरती साह, दीप्ति दुर्गापाल, शिवांगी पांडे, पिंकी पड़लिया, हर्षिता आदि मौजूद रहीं।


प्राचीन देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार


जगदम्बा नगर स्थित मां जगदम्बा मंदिर में दर्शन करतीं श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### नयना देवी मंदिर में भी लगी भक्तों की कतार

**नैनीताल।** चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हो चुके हैं। प्रथम दिन नगर के सभी मंदिरों में भक्तों ने पूजा की। विश्वविख्यात मां नयना देवी मंदिर में स्थानीय लोगों सहित नैनीताल घूमने पहुंचे सैलानियों ने भी पूजा की। साथ ही हिंदू नववर्ष का भी प्रारंभ हो गया। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त में घटस्थापना का विधान है, 15 अप्रैल को महासप्तमी है, 16 को महाअष्टमी और 17 अप्रैल को रामनवमी है।

### गिरिजा देवी मंदिर में जयकारों की गूंज

**रामनगर :** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन नगर एवं ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में माता के जयकारे गूंजे। गिरिजा देवी मन्दिर में भक्तों को अपनी बारी का इंतजार कर घंटों लाइन में खड़े होना पड़ा। बता दें कि गिरिजा देवी मंदिर परिसर में बीते दिवस भीषण अग्निकांड होने के बाद भी भक्तों का जोश बना रहा और वह माता के दर्शनों के लिए कतार बद्ध दिखे। नगर के दुर्गामंदिर, रामा, गरिवेश्वर, सिद्धेश्वर, नागा बाबा, पंचानन महादेव, बाला जी, कोसीघाट स्थित नवदुर्गा, माता काली, पीरूमदारा सती आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ दिखी। घरों में लोगों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।


सहायता राशि का चेक सौंपते होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### जरूरतमंद कन्या के विवाह को दी सहयोग राशि

**नैनीताल :** चैत्र नवरात्र की शुरुआत पर मंगलवार को होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन की ओर से जरूरतमंद कन्या के विवाह के लिए सहयोग राशि दी गई। परिवार को चेक सौंपा गया। नगर के केन्फील्ड निवासी राजेंद्र आर्य की पुत्री रेनू का 16 अप्रैल को विवाह है, जिसके लिए एसोसिएशन की ओर से परिवार की आर्थिक मदद की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि जैसे ही हमें पता चला कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो मदद की सोची। परिवार को 21 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष दिनेश साह, महासचिव वेद साह आदि मौजूद रहे।

# माता की चौकी में भजनों पर झूमे लोग

**कार्यक्रम**

- नवयुवक संघ ने हिमालय फार्म में किया आयोजन
- चंडीगढ़ और हापुड़ के कलाकारों ने बांधा समा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवयुवक संघ ने रामपुर रोड स्थित हिमालय फार्म में मां भगवती की भव्य चौकी और भंडारे का आयोजन किया। नवरात्र के पहले दिन आयोजित माता की चौकी में सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे और माता के भजनों पर झूमते नजर आये।

चंडीगढ़ से आए सोनू सुरजीत व हापुड़ के संजू शर्मा सहित अन्य कलाकारों के भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

भंडारे में काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सोनू पुरी, पवन अरोरा, रामनिवास गुप्ता, संजय भाटिया, मनोज जोशी, सोनी शर्मा, हेमंत शर्मा मोना, मिंटा पुरी, गगन सेठी आदि उपस्थित रहे।


माता की चौकी में भजन गाता कलाकार व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**सार-संक्षेप**


कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### जनसंपर्क कर रोड शो की जिम्मेदारी सौंपी

**भीमताल :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में वार्ड संख्या 2 रामनिवास में कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, इसमें 12 अप्रैल को शाम 4 :00 बजे कांग्रेस प्रत्याशी की बाइक व कार रोड शो के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चुनौतिया, पूर्व चेयरमैन सतीश लाल वर्मा, जिला युवा उपाध्यक्ष नीरज कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरव रौतेला, नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगाईं, रीना आर्य, निर्मला आर्य, सभासद सीमा टम्टा, विपिन सनवाल, गोपाल दत्त पलड़िया, पीसी नौगाईं, राकेश बृजवासी, कुमुद बृजवासी, इंद्रजीत बिष्ट पवन जोशी, गुंजन रौतेला, गगन कुमार, शुभम नैनवाल, प्रकाश हरबोला समेत कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

**भीमताल :** भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का खासा आतंक फैला हुआ है। बंदरों के चलते अब खेती प्रभावित होने लगी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों को बंदरों से निजात दिलाने की मांग की। इधर सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुलियाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों का जबरदस्त आतंक है। ग्राम पंचायत जंगलिया गांव, हरी नगर, मलुआ ताल, चाफी, अलचौना, पांडे गांव समेत अन्य ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की ओर से खेती कार्य बंद कर दिया गया है। वर्तमान में अलचौना क्षेत्र में टमाटर के पौधों का रोपण किया जा रहा, परंतु बंदर टमाटर के पौधों को उखाड़ रहे हैं। इस कारण लोग खेती करने से दूर भाग रहे हैं। उन्होने कांबिंग अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ने की मांग की।


नैनीताल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### बाल कलाकारों ने किया महिषासुर वध का मंचन

**नैनीताल :** राम सेवक सभा की ओर से मंगलवार को हिन्दू नव संवत्सर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक विनय साह, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अनूप साह, संस्था के अध्यक्ष मनोज साह एवं संस्था के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आचार्य भगवती प्रसाद जोशी ने वार्षिक राशिफल बताया। सरस्वती विद्या मंदिर के बाल कलाकारों ने माता भगवती मैय्या गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी। श्रीराम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने महिषासुर वध विषय पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इससे पूर्व सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने शोभायात्रा निकाली। इस दौरान विमल चौधरी, राजेन्द्र लाल साह, गिरीश जोशी, घनश्याम साह, अशोक शाह, हरीश सिंह राणा, राजेन्द्र बिष्ट, मिथिलेश पांडे, मुकुल जोशी आदि थे।

# विश्व होम्योपैथिक दिवस पर विशेष

## पुराने रोगों में होम्योपैथिक दवाएं बेहद कारगर

प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया जाता है। आज ही के दिन होम्योपैथिक पद्धति के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन का जन्म ( सन् 1755 ) हुआ था। होम्योपैथिक का इतिहास लगभग 250 वर्ष पुराना है एवं विश्व भर में 100 से अधिक देश होम्योपैथिक चिकित्सा को अपना रहे हैं। होम्योपैथिक दवाओं की विशेषता यह है कि यह पुराने रोगों में बेहद कारगर है एवं किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता है। लोगों का विश्वास लगातार होम्योपैथिक चिकित्सा की ओर बढ़ रहा है। हम हल्द्वानी के प्रमुख होम्योपैथिक चिकित्सक एवं मेडिकल स्टोर का परिचय करा रहे हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत लगन एवं कार्य कुशलता के चलते विशेष पहचान बना रखी है।

प्रस्तुति : आनन्द बत्रा

विश्व होम्योपैथिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
होम्योपैथिक हेल्थकेयर क्लीनिक
डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई)
होम्योपैथिक फिजिशियन
सभी प्रकार के Acute और Chronic बीमारियाँ जैसे - सर्दी, जुकाम, खाँसी, बुखार, जोड़ों का दर्द, चर्म रोग, श्वास, बवासीर, नाक, कान, गला, पेट (Acidity Ulcers), माइग्रेन, पथरी आदि का सम्पूर्ण इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट के करवायें।
लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
Mob. 7737269262

विश्व होम्योपैथिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तराँचल एजेंसीज
जर्मन एवं भारतीय होम्योपैथिक दवाईयों के थोक एवं फुटकर विक्रेता
Distributor : For Dr. Reckeweg WSI, WSG, SBL Wheezal etc.
प्रो. अमित गुप्ता
पता : 496/1 फर्स्ट फ्लोर, पालिका शॉपिंग कॉम्प्लैक्स नैनीताल रोड, तिकोनिया, हल्द्वानी (नैनीताल) 263139
Ph. : 05946-283769, Mob. 9412981164, 9528745300

विश्व होम्योपैथिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपने परिवार के लिए सुरक्षित उपचार का चयन करें, होम्योपैथी चुनें।
रामनगर में 33 सालों के बाद अब हल्द्वानी में भी
Dr. Rawat's
डॉ. रावत होम्योपैथिक हेल्थ सेंटर
डॉ. डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस.
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 7017844688
डॉ. एस.डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 9461085876
पता
होली चौक, L.I.C. रोड रामनगर, उत्तराखण्ड | प्रथम तल (द्वितीय मंजिल) उत्तराँचल ट्रेड सेंटर तिकोनिया, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड) | निकट हनुमान मंदिर, कमलुवागांजा रोड, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी

Dr. Samuel Hahnemann's Birth Anniversary 10th April
DR. S.K. SHARMA
Sr. Homoeopath
BMS (Agra University)
Life Member-IIHP (Indian Institute of Homoeopathic Physician
Clinic Timing : Sunday to Friday (Saturday Closed)
• 10 AM-2PM • 5 PM to 7 PM
चर्च कम्पाउण्ड, सीतापुर आँखों के अस्पताल के सामने, नैनीताल रोड, हल्द्वानी
फोन नं.- 05946-222696

SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग
• स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग
• पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खाँसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दाँत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।

## एक नजर

### एसटीएच में उपचार के दौरान बंदी की मौत

**हल्द्वानी :** एसटीएच में भर्ती एक बंदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। ऊधमसिंह नगर निवासी 25 वर्षीय युवक को अक्टूबर 2023 में चोरी के आरोप में जेल भेजा था। हल्द्वानी उप कारागार के जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि बंदी कई तरह के नशे का आदी था। जिसके चलते वह एड्स, हेपेटाइटिस, टीबी और लीवर संबंधी बीमारियों से जूझ रहा था। हालत खराब होने पर उसे 29 मार्च को एसटीएच में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की सुबह उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### गोदाम में चोरों का धावा

**हल्द्वानी :** मंडी स्थित एक गोदाम में चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पालम सिटी निवासी प्रेम कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि उनका मंडी परिसर में गोदाम है। जहां रात में घुसे चोरों ने रिफाइंड ऑयल के पैकेट चोरी कर लिए। जिनकी कीमत हजारों रुपये है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्जकरदियाहै।

### स्मैक संग युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा पुलिस ने गश्त के दौरान नूरी मस्जिद के पास रहने वाले जुबैर पुत्र मोबिन को 10.8 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बरामद स्मैक मीनार की मस्जिद के पास से इंद्रानगर निवासी फुरकान उर्फ गटूर से खरीद कर लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी :** पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। मुखानी पुलिस ने ऊंचापुल तिराहे के पास एक कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट से जितेन्द्र सिंह पुत्र आरवी सिंह निवासी ऊंचापुल को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा है। उसके पास से मोबाइल और 26 हजार की नगदी बरामद हुई है।

# 51 दिन बाद जंगल में मिला भाष्कर का शव

## 17 फरवरी को हुआ था लापता, शीतला माता मंदिर के पास गधेरे में औंधे मुंह पड़ा था शव, कपड़ों से हुई पहचान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** करीब 51 दिन पहले घर से स्कूल के लिए निकले छात्र भाष्कर का शव शीतला मंदिर के पास गधेरे से बरामद हुआ है। जंगल में घास काटने गई महिला ने शव पड़ा देखा। औंधे मुंह पड़ा शव फूल चुका था। शरीर पर मौजूद कपड़ों से शव की पहचान की गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

मूल रूप से पोखरी पुट धारी भीमताल निवासी सुभाष दुम्का यहां पत्नी व दो बेटियों के साथ रहते हैं। जबकि सुभाष का 15 वर्षीय बेटा भाष्कर शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में रहने वाले फूफा मोहन सनवाल के घर रहकर पढ़ाई करता था। वह आवास विकास स्थित स्कूल में कक्षा नौ का छात्र था। परिजनों के मुताबिक बीती 17 फरवरी की सुबह 8:30 बजे भाष्कर घर से स्कूल के लिए निकला था। जब स्कूल की छुट्टी के बाद वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजन स्कूल पहुंचे तो पता लगा कि स्कूल उस दिन बंद था और सिर्फ पैरेंट्स मीटिंग थी।

**15** वर्षीय भाष्कर कक्षा नौ का था छात्र, स्कूल गया फिर घर नहीं लौटा

**17** घंटे बाद भरा शव का पंचनामा, संवेदनहीन बनी रही पुलिस



मृतक भाष्कर।



पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे मृतक भाष्कर के परिजन। ● अमृत विचार

### गली-गली चिपकाए पोस्टर, सीएम से भी लगाई गुहार

**हल्द्वानी :** मामले में पुलिस का ढुलमुल रवैया देखर भाष्कर के परिजनों ने तीन बार सीएम पोर्टल में शिकायत की और अधिक पुलिस बल लगाने को कहा। विधायक राम सिंह कैड़ा से भी मदद की अपील की। बात नहीं बनी तो खुद ही गुमशुदा भाष्कर के पोस्टर छपवाए और हल्द्वानी से लेकर अल्मोड़ा और पूरे ऊधमसिंहगनर में घूम-घूम कर गली-गली पोस्टर चिपकाए, लेकिन भाष्कर की खबर कहीं से नहीं आई।

### आठ फीट गहरा है गधेरा

**हल्द्वानी :** जंगल में जिस गधेरे में भाष्कर का शव मिला वह करीब आठ फीट गहरा है। उसके नीचे झील है। अमूमन वहां तक कम ही लोग पहुंचते हैं। शव करीब एक महीने पुराना है। गधेरे में पानी भी काफी है। यही वजह रही कि शुरुआती कॉबिंग में पुलिस को शव नहीं मिल सका। पानी में कई दिनों तक पड़े रहने और कुछ दिन पहले हुई बारिश के चलते शव फूल कर जब ऊपर आया तो किनारे लग गया।

### दो दोस्तों पर शक

**हल्द्वानी :** भाष्कर की गुमशुदगी के बाद अचानक उसके दो दोस्त सामने आ गए और उन्होंने भाष्कर को देखने और उससे मिलने का दावा किया। पुलिस ने जब जांच शुरू की और दोस्तों से कई बार पूछताछ की तो वह बार-बार कहानियां बदलने लगे। जिसके बाद दोनों दोस्त पुलिस और भाष्कर के परिजनों के खिलाफ शिकायत लेकर मंडलायुक्त दीपक रावत तक पहुंच गए। परिजनों को शक है कि दोनों दोस्तों का भाष्कर की मौत से कोई न कोई संबंध जरूर है।

काठगोदाम पुलिस ने जांच शुरू की तो उसे आखिरी बार नैनीताल रोड स्थित शीतला माता मंदिर के पास लगे सीसीटीवी में देखा गया। वह शीतला माता मंदिर की ओर जाते और फिर वापस आते नजर आया। इसके बाद वह वह न तो कहीं सीसीटीवी में नजर आया और न ही उसकी कोई सूचना मिली।

इधर, बीते सोमवार की दोपहर एक महिला शीतला माता मंदिर से करीब दो किमी दूर जंगल में घास काटने पहुंची तो गधेरे में शव दिखाई दिया। उसने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव पूरी तरह फूल कर गल चुका था। पुलिस शव को सड़क तक लायी, तब शिनाख्त के लिए भाष्कर के परिजनों को बुलाया गया। परिजनों ने कपड़ों से उसकी पहचान की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक कोई लिखित शिकायत या आरोप नहीं है।

# इकलौते बेटे की मौत से माता-पिता सदमे में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिस बेटे को माता-पिता बड़ा आदमी बनते देखना चाहते थे, उसकी मौत की खबर सुनकर वह सन्न रह गए। वह कुछ बोल नहीं पाए और अचानक गश खाकर गिर गए। दोनों भीमताल गांव में थे और उनके बेटे का शव हल्द्वानी पोस्टमार्टम हाउस में। शव को भीमताल ले जाना था लेकिन पुलिस की संवेदनहीनता का आलम यह कि सुबह परिजनों को पोस्टमार्टम हाउस बुलाकर खुद भूल गई।

सोमवार रात करीब आठ बजे भाष्कर का शव पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। मंगलवार सुबह 10 ही परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए, लेकिन परिजनों को बुलाने वाली पुलिस नहीं पहुंची। दोपहर एक बजे लगातार परिजन चौकी प्रभारी को फोन करते रहे, लेकिन फोन नहीं उठा। चौकी प्रभारी ने न तो फोन उठाया और न ही किसी को पंचनामे की कार्रवाई के लिए भेजा। एक सिपाही दोपहर एक बजे मोर्चरी पहुंचा, जिसके बाद पंचनामे और पोस्टमार्टम की कार्रवाई हुई।

पोस्टमार्टम में मौजूद परिजनों ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार उसके मूल गांव में होगा। बेटे को आखिरी बार देखने के लिए माता-पिता इंतजार कर रहे हैं। हल्द्वानी से गांव तक 20 किमी वाहन से और फिर चार किमी की खड़ी चढ़ाई पैदल चढ़नी है। परिजन यह सब पुलिस को बता चुके थे, फिर भी पुलिस ने कार्रवाई के लिए अपने हिसाब से समय निकाला। शव गांव समय से पहुंच सके, इसके लिए परिजन चौकी प्रभारी को लगातार फोन करते रहे, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**गणित और साइंट के टॉपर को था फेल होने का डर:** परिजनों के मुताबिक भाष्कर पढ़ाई में बहुत अच्छा था। वह गणित और साइंस का टॉपर था। हालांकि उसकी हिंदी कमजोर थी। उसे डर था कि वह फेल हो जाएगा। परिजनों बताया कि उसने कभी इस बात जिक्र घर पर नहीं किया, लेकिन स्कूल में उसे फेल हो जाने का डर दिखाया गया था।

### जहां दिखा आखिरी बार वहीं मिला शव

**हल्द्वानी :** पुलिस ने भाष्कर की गुमशुदगी को संजीदगी से नहीं लिया। पहले आचार संहिता का हवाला देकर तलाश में जुटे चौकी प्रभारी को हटाया और दो कांस्टेबल को तलाश में लगा दिया। जहां पुलिस ने उसे आखिरी बार सीसीटीवी में देखा, वहीं शीतला माता मंदिर से कुछ दूरी पर भाष्कर की लाश मिली। पुलिस ने ठीक से जंगल सर्च किया होता तो 51 दिन न गुजरते। इसको लेकर भी परिजनों में गुस्सा है।

# यूपी के मुख्यमंत्री योगी 13 को हल्द्वानी आएंगे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 अप्रैल को हल्द्वानी आ रहे हैं। वह यहां एमबी इंटर कालेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।



भाजपा उत्तर प्रदेश की तरफ से जारी कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी 13 अप्रैल को लखनऊ से विशेष विमान से त्रिशूल एयरपोर्ट बरेली पहुंचेंगे। वहां हेलीकॉप्टर से अपराह्न 1.40 बजे एफटीआई परिसर स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से कार द्वारा जनसभा स्थल एमबी इंटर कालेज मैदान पर पहुंचेंगे। करीब एक घंटे तक जनसभा को संबोधित करेंगे। बाद में वह यहां से बहेड़ी (बरेली) के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सिपाही की पत्नी व महिला पत्रकार पकड़ से बाहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सिपाही की पत्नी और महिला पत्रकार ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है। दोनों पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हिंसा भड़की थी। अगले दिन हिंसा ग्रस्त इलाके से सटे आंवला चौकी गेट के पास से छिने गांव भोजपुर सिन्हा बिहार निवासी 25 वर्षीय प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज पुत्र श्याम देव सिंह का शव मिला था। पहले मौत को हिंसा से जोड़ कर देखा जा रहा था। बाद में खुलासा हुआ कि पुलिस के सिपाही वीरेंद्र सिंह, उसकी पत्नी प्रियंका, नईम खान समेत पांच लोगों ने मिलकर प्रकाश की हत्या की है। प्रकाश से सिपाही की पत्नी के अवैध संबंध थे।

दूसरा मामला 18 मई का है। खुद को पत्रकार बताने वाले बाजपुर ऊधमसिंह नगर निवासी भूपेंद्र सिंह, गूलरभोज निवासी सुंदर सिंह, रुद्रपुर निवासी सौरभ गाबा और नोएडा निवासी साक्षी सक्सेना कालाढूंगी रोड स्थित सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय में विजिलेंस अधिकारी बनकर पहुंचे थे। प्रधान सहायक उमेश चंद्र कोठारी को वीडियो व फोटो दिखाकर ब्लैकमेल किया। मामले में साक्षी सक्सेना के अलावा सभी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन साक्षी अब भी फरार है। पुलिस ने साक्षी पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया है।

# अग्निकांड पीड़ितों ने फिर खड़ी की दुकानें

रामनगर, संवाददाता

**अमृत विचार :** गिरिजा देवी मंदिर परिसर में भीषण आग से तबाह हुए दुकानदारों ने फिर से अपनी दुकानों को खड़ा करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नवरात्र के पहले दिन पीड़ित दुकानदार अपना दर्द भुलाकर रोखण के बीच अस्थायी दुकानों को स्थापित करने में जुटे रहे। वहीं कुछ लोगों ने खुले आसमान के नीचे दुकान लगाकर प्रसाद सामग्री बेची। बुधवार तक परिसर में अधिकांश दुकानें बनकर तैयार हो जाएंगी।

इधर, समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से अग्नि पीड़ित दुकानदारों को पुनर्वासित करने के लिए 2 लाख रुपये का तत्काल मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मुनीष कुमार और ललित उप्रेती ने पीड़ितों का हाल जाना और कहा कि कुछ नेता चुनावी आचार संहिता का बहाना बनाकर पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा देने की जगह खोखले आश्वासन दे रहे हैं।



मंदिर परिसर में दुकानें तैयार करते पीड़ित दुकानदार। ● अमृत विचार

### अग्निकांड की जांच कराएगा वन विभाग

**रामनगर :** परिसर में आग की घटना की वन विभाग जांच कराएगा। जांच में आग लगने की वजह और इसके प्रभाव को भी शामिल किया जाएगा। रामनगर वन प्रभाग की एसडीओ पूनम कैंथोला ने बताया कि चूंकि हादसा वन विभाग की भूमि पर हुआ है, इसलिए विभाग इसकी जांच कराएगा, जिसमें आग के प्रभाव की समीक्षा की जाएगी, हालांकि अग्निकांड पीड़ितों की मदद के संदर्भ में उन्होंने इसे प्रशासन का क्षेत्र बताया।

### घटना में हुए नुकसान का किया जा रहा आंकलन

**रामनगर :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गिरिजा देवी मंदिर परिसर में स्थित दुकानों में लगी आग के बाद सोमवार देर रात स्थलीय निरीक्षण किया। मंदिर परिसर में लगभग 40 दुकानें जलने से लाखों का नुकसान हो गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह राहत की बात है कि घटना में जनहानि नहीं हुई है। न ही किसी के जख्मी व घायल होने का मामला सामने आया है। उन्होंने घटना के प्रभावितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कहा कि विभाग द्वारा घटना में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। उन्होंने मंदिर समिति और व्यापारियों को समझाया कि मंदिर के आसपास दुकानों को लगाने की व्यवस्था में खामियों को पहचान कर उनमें सुधार की आवश्यकता है।

# कार सवारों ने मेरा अपहरण कर लिया है, प्लीज मुझे बचा लो

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में दिनदहाड़े अपहरण की सूचना ने पुलिस को दौड़ा दिया। जिसका अपहरण हुआ, उसने खुद परिजनों को फोन कर जानकारी दी और जान बचाने की गुहार लगाई। बेटे को बचाने की फरियाद लेकर कोतवाली पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया और जब पुलिस पड़ताल में जुटी तो मामला फर्जी निकाला।

शेरगढ़ बरेली उत्तर प्रदेश निवासी फरमान मेडिकल चौकी क्षेत्र स्थित एक फार्म में अपने रिश्तेदार के साथ रहता है और वर्कशॉप लाइन में वाहनों पर स्टीकर लगाने का वह काम करता है। सोमवार की रात करीब 11 बजे फरमान के परिजन कोतवाली पहुंचे और युवक का अपहरण होने की बात कही। बताया कि काम से लौटकर जब फरमान घर जा रहा था तभी कार सवार तीन युवकों ने उसे बेसुध किया और आंख पर पट्टी बांधकर ले गए। जब उसे होश आया तो खुद को एक जंगल के बीच पाया। काफी देर भटकने के बाद जब वह जंगल से बाहर निकला तो वह दिल्ली के लक्ष्मी नहर में था। फरमान ने 112 नंबर पर इसकी सूचना पुलिस को दी। आरोप यह भी था कि अपहरणकर्ताओं ने उसकी स्कूटी और बैंक खाते से 2.30 लाख रुपये भी गायब कर दिए। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो मामला फर्जी होने की बात सामने आई। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि युवक अपनी मर्जी से गया था, जो कि वापस भी आ चुका है। स्कूटी और बैंक खाते को लेकर जांच की जा रही है।

### झूठा निकाला छात्रा के अपहरण का मामला

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठित स्कूल की आठवीं की छात्रा के अपहरण के आरोप झूठे निकले। सीसीटीवी फुटेज और छात्रा से पूछताछ के बाद इस तरह का मामला ही नहीं निकला। ढाई घंटे तक छात्र की काउंसलिंग करने के बाद पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में छात्रा की ओर से डर के कारण कहानी गढ़ने की बात सामने आई है। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि छात्रा की ओर से लगाए गए आरोप के पीछे क्या कारण रहा, स्पष्ट नहीं हो सका।

# बंद रही बेस व महिला अस्पताल में ओपीडी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बेस और महिला अस्पताल में चिकित्सकों की ओर से स्वयं घोषित अवकाश के चलते मंगलवार को ओपीडी बंद रही। जिस कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी।

नवरात्र के पहले दिन शासन से सरकारी अस्पतालों की ओपीडी को बंद रखने का कोई आदेश नहीं आया था, लेकिन चिकित्सकों ने प्रांतीय संगठन के आदेश पर स्वयं ओपीडी बंद रखने का निर्णय लिया। मंगलवार को दोनों ही अस्पतालों में सुबह से ही मरीज पहुंचने लगे थे, लेकिन ओपीडी बंद होने पर मायूस होकर लौटना पड़ा। इधर सुशीला तिवारी अस्पताल में आधे दिन तक ओपीडी खुलने से मरीजों को थोड़ी राहत मिली। दोपहर 12 बजे तक डॉक्टरों ने मरीजों को देखा।

# भाजपा ने स्वीकारा, भूलवश पुरानी फोटो सोशल मीडिया पर दी गईं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लालकुआं में सोशल मीडिया पर प्रचार के दौरान उत्तराखंड शासन के कैलेंडर बांटने का मामला निस्तारित हो गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने स्वीकार किया कि भूलवश पुरानी फोटो अपलोड कर दी गई थीं, जिन्हें हटा लिया गया है। इस पर एआरओ ने चेतावनी देकर मामला निस्तारित कर दिया है।

लालकुआं एआरओ परितोष वर्मा ने बताया कि बीती एक अप्रैल को युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने शिकायत कर बताया कि लालकुआं के सुभाष नगर में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर उत्तराखंड शासन के कैलेंडर बांट रहे हैं। इस कैलेंडर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तस्वीरें हैं और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई है। आरोप लगाया कि यह आचार संहिता का उल्लंघन हैं। इसके बाद एआरओ परितोष वर्मा ने भाजपा के लालकुआं मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट को नोटिस जारी कर 48 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा था।

इधर, मंडल अध्यक्ष बिष्ट ने बताया कि प्रचार के दौरान पुरानी फोटो अपलोड कर दी गई, लेकिन जब इसकी शिकायत हुई तो तत्काल सोशल मीडिया से हटा दिया गया। लालकुआं एआरओ परितोष वर्मा ने बताया कि मंडल अध्यक्ष बिष्ट ने भूलवश पुरानी फोटो अपलोड होने का स्पष्टीकरण देते हुए क्षमा का अनुरोध किया था।

इस पर उन्हें चेतावनी दी गई है कि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। यदि भविष्य में आचार संहिता का उल्लंघन किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला सूचना विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि कैलेंडर उनकी ओर से नहीं दिए गए हैं।

### नोटिस का जवाब

- कांग्रेस नेता हेमंत साहू ने दर्ज कराई थी शिकायत
- एआरओ ने चेतावनी देकर मामला किया निस्तारित

# पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि भाजपा में शामिल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज एमबीपीजी की पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी थीं, लेकिन वर्ष 2022 के चुनाव में टिकट कटने पर उन्होंने निर्दलीय ताल ठोक दी थी और एबीवीपी के कौशल बिरखानी को हराया था। वह कई बार कांग्रेस के कार्यक्रमों में भी दिखाई दे रही थी। मंगलवार को उन्होंने पूर्व सचिव निहित नेगी, नवल कुमार आर्य सहित कई छात्रों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इसके बाद राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की।

**अनदेखी** एसटीएच के सामने से हटाया था अतिक्रमण, अब दोबारा लगने लगी हैं दुकानें

# नगर निगम ने भूमि कब्जाई, अतिक्रमण पर आंखें मूंदी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के सामने वन विभाग की खाली भूमि है। जिसका पट्टा राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के पास है। विगत दिनों नगर निगम ने यहां से अतिक्रमण हटवाया था और बाद में स्वयं इस भूमि का इस्तेमाल करने लगा, लेकिन अब इस भूमि पर फिर से अतिक्रमण होना शुरू हो गया है। नगर निगम अतिक्रमण के सामने आंखें मूंद कर बैठा है।

एसटीएच के सामने विगत वर्ष वन विभाग की खाली भूमि से अतिक्रमण हटाया गया था। नगर निगम ने भी अतिक्रमण हटाने में भूमिका निभाई थी। इस भूमि का पट्टा राजकीय मेडिकल कॉलेज के पास है। खाली भूमि को मेडिकल कॉलेज अपने उपयोग में लाता, उससे पहले ही नगर निगम ने यहां नो पार्किंग का बोर्ड लगा दिया और सशुल्क पार्किंग बना दी। मेडिकल कॉलेज बार-बार नगर निगम को भूमि खाली कराने के लिए पत्र लिखता रहा, लेकिन नगर निगम ने भूमि खाली नहीं की। अब इस खाली भूमि पर फिर से अतिक्रमण होना शुरू हो गया है। ठेले-फड़ लगाए जा रहे हैं और साथ ही कच्ची दुकानें बनाने का काम भी शुरू हो रहा है। नगर निगम को भूमि पर कब्जा करने की जल्दबाजी तो थी लेकिन इस भूमि पर अब हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए फुर्सत नहीं मिल रही है।



सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने होने लगा अतिक्रमण। ● अमृत विचार

### ठेले-फड़ लगाने के लिए करनी पड़ती है सांठगांठ

**हल्द्वानी :** मेडिकल कॉलेज के पास अवैध तरीके से ठेला, फड़ या अन्य दुकानें लगाने के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सांठगांठ करनी पड़ती है। उसके कहने के बाद ही अवैध ठेला, फड़ लगाया जा सकता है। यहां लगने वाले ठेले और फड़ से अमुक व्यक्ति वसूली भी करता है।

### बोले अधिकारी

पार्किंग वाली जगह पर कहीं भी अतिक्रमण नहीं है। अतिक्रमण कहीं है तो वन विभाग की जमीन पर है और उसे वन विभाग हटाएगा।

–गणेश भट्ट, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम

# 873 लोगों ने घर बैठे किया मतदान

संवाददाता, हल्द्वानी/रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने मंगलवार को दूसरे दिन भी घर बैठे मतदान किया। दूसरे दिन नैनीताल जिले में 408 बुजुर्ग और 185 दिव्यांगों और ऊधम सिंह नगर में 198 बुजुर्ग एवं 82 दिव्यांगों ने घर बैठे मतदान किया।

नोडल अधिकारी मीडिया/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को रामनगर विस सीट में 58, लालकुआं में 72, हल्द्वानी में 50, कालाढूंगी में 113, भीमताल में 90 और नैनीताल में 25 बुजुर्ग मतदाताओं ने पोस्टल बैलट से वोट दिया। उन्होंने बताया कि रामनगर में 55, लालकुआं में 32, हल्द्वानी में 20, कालाढूंगी में 10, भीमताल में 48, और नैनीताल में 20 दिव्यांगों ने घर बैठे पोस्टल बैलट से मतदान किया। जनपद में अब तक 807 बुजुर्ग और 470 दिव्यांग मतदान कर चुके हैं। इस तरह कुल 1277 मतदाता घर बैठे मतदान कर चुके हैं। इधर, ऊधमसिंह नगर में भी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर-घर मतदान की प्रक्रिया दूसरे दिन भी जारी रही। नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट विवेक राय ने बताया कि सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। तय समय पर सभी नौ विधानसभाओं में शाम पांच बजे तक 82 दिव्यांग और 198 बुजुर्ग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सोमवार और मंगलवार को जिले में 251 दिव्यांग मतदाताओं व 546 बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। कुल 833 मतदाताओं में से 797 दिव्यांग और बुजुर्ग अब तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। इसके साथ ही मंगलवार को 19 सर्विस वोटर व पंतनगर ट्रेनिंग सेंटर पर दो मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से अपना मत डाला।



हल्द्वानी में घर से मतदान करते बुजुर्ग।

## सार-संक्षेप

### महोत्सव में नए मतदाता बने बैग के सदस्य



मेडिकल कॉलेज सभागार में मतदान जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित युवा।

**हल्द्वानी :** स्वीप व जिला निर्वाचन की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में मंगलवार को युवा मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नए मतदाताओं को बूथ जागरूकता ग्रुप (बैग) का सदस्य बनाया गया। नए मतदाता अब अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने कहा कि सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि नए मतदाताओं को वोटर आईडी देकर बैग का सदस्य बनाया है। इस दौरान बिडला स्कूल नैनीताल व हल्द्वानी के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और महिला समूह ने मतदान के लिए जागरूक किया।

### अंगद-रावण का संवाद देखकर दर्शक हुए रोमांचित



हल्द्वानी के उत्थान मंच में महिला रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** उत्थान मंच में चल रही महिला रामलीला में गुरुवार को अंगद-रावण संवाद की लीला का भव्य मंचन हुआ। मंच पर महिला कलाकारों की प्रस्तुति देख दर्शक रोमांचित हो उठे। इससे पूर्व रामलीला का शुभारंभ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, भाजपा नेता साकेत अग्रवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, मोहन पाल, विनीत बोरा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला में हनुमान का पात्र तनुजा जोशी, मेघनाथ सुमन साह, राम मानसी रावत, लक्ष्मण लक्षिता ,अंगद उर्वशी बोरा, भरत दिव्यांशी, रावण गीता दरमवाल, सुसेन वैद्य लीला मनराल, सेवक अनिता जोशी, वानर सेना वैभवी बिष्ट, खुशी बड़ोला, श्रेया मेहरा, गरिमा बड़ोला और रावण सेना का पात्र कंचन तिवारी, रोली पंत, अदिति, सिद्धि सुयाल ने निभाया।

### नॉट गिल्टी मूवी में चाय वाले की भूमिका में दिखेंगे अनिल



**हल्दूचौड़ :** युवा व्यवसायी अनिल अरोड़ा सस्पेंस थ्रिलर मूवी नॉट गिल्टी में चाय वाले की भूमिका में दिखेंगे। सूर्या गांव भुजिया घाट स्थित होटल में हुई शूटिंग में फिल्म का नायक जो पुलिस वाले की भूमिका में है, उसे चाय पिलाते हुए दिखाई देंगे। दीपांकर चक्रवर्ती की ओर से निर्देशित इस फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर उवेश रजा खान हैं जबकि फिल्म में मुख्य किरदार हितेंद्र तेजवानी, मुस्कान जैन और हिमांगी शुक्ला ने निभाया। उक्त मूवी के सीन भीमताल, भवाली, काठगोदाम आदि स्थानों पर फिल्माए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रामपुर रोड गली नंबर-4 हल्द्वानी निवासी अनिल अरोड़ा छात्र जीवन से ही इस क्षेत्र में काफी सक्रिय रहे हैं तथा उन्होंने कई सिने कलाकारों एवं निर्माता निर्देशकों के साथ अनेक मूवीज में काम किया।

### पूर्व छात्र नेता समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल



भाजपा में शामिल होने पर दीपक उप्रेती का स्वागत करते भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट।

**हल्द्वानी :** पूर्व छात्र नेता दीपक उप्रेती समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। दीपक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य में धामी सरकार के विकास कार्यों को देखकर उन्होंने यह निर्णय लिया। इस दौरान अतुल पंत, मुकेश थुवाल, विनोद जोशी, रोहित, कमल, विनोद उप्रेती मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**कालाढूंगी :** बैलपड़ाव पत्तापानी में ग्रामीणों की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। पीत वस्त्र में सिर पर कलश लिए महिलाओं ने भजन गाते हुए गांव में भ्रमण किया। उसके बाद देवी मंदिर पहुंच कर कलश को स्थापित किया। माता के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। मंगलवार को मां भगवती की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा मन्त्रोंच्चारण के साथ हुई। कथा वाचक संजय कृष्ण ने भागवत कथा का महत्व बताया। कथा का समापन 17 अप्रैल को भंडारे के साथ होगा।

### त्रिवेणी क्लब ने आयोजित की ऐपण प्रतियोगिता

**नैनीताल :** स्कूली छात्र-छात्राओं को लोक सांस्कृतिक कला ऐपण सिखाने को त्रिवेणी क्लब के तत्वावधान में ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर, जीजीआईसी, बाल विद्या मंदिर, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय समेत शहर के कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्लब की अध्यक्ष हेमा नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता को तीन वर्ग में आयोजित किया गया। जूनियर वर्ग में योग्यता गुप्ता प्रथम, कनिष्का द्वितीय,दिया तृतीय स्थान पर रही। सीनियर वर्ग में गरिमा पटवाल प्रथम, निहारिका भट्ट द्वितीय, सपना तृतीय जबकि ओपन वर्ग में मंजू पंत प्रथम, प्रिया आर्य द्वितीय, हेमा पालीवाल तीसरे स्थान पर रही।

### डोर टू डोर तिरंगा अभियान में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता

**रामनगर :** शहर में जगह-जगह घर-घर तिरंगा झंडा अभियान कैंपेन जारी रहा। शांतिकुंज में घर-घर हाथ का तिरंगा झंडा लहराकर सेल्फी ली गई और सोशल मीडिया पर गणेश गोदियाल के पक्ष में मतदान की अपील की गई। भवानीगंज, पंजाबी कालोनी, शिवलालपुर चुंगी कालोनी में जनसंपर्क किया गया। इस दौरान भुवन चंद शर्मा, नवीन सुनेजा, ललिता उपाध्याय, धीरज मोलेकी, गिरीश बिष्ट, धीरज सती, पंकज पांडे, दीपा पपने, सुनीता, सीमा, रेखा, देवेंद्र चिलवाल, कुबेर सिंह आदि उपस्थित थे। उधर कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ अध्यक्षों की बैठक पूर्व विधायक रणजीत रावत ने ली। बैठक में बूथ अध्यक्ष ने प्रस्तावित प्रियंका गांधी की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

### ईद पर पुराना घोड़ा स्टैंड से मस्जिद तिराहे तक रहेगा जीरो जोन

**नैनीताल :** ईद की नमाज के दौरान पुराना घोड़ा स्टैंड से मस्जिद तिराहे तक जीरो जोन रहेगा। इस दौरान हाईकोर्ट व कालाढूंगी रोड को जाने वाले वाहनों को मल्लीताल रिक्शा स्टैंड से पंत पार्क डीएसए पार्किंग होकर भेजा जाएगा। मंगलवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में ईद की तैयारियों को लेकर लोगों से सुझाव मांगे गए। तय हुआ कि ईद की नमाज डीएसए मैदान में की जाएगी। बैठक में कोतवाल हरपाल सिंह ने ईद पर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस दौरान एसएसआई पीएस मेहरा, मोहम्मद साद, समीर अली, फैजल खान, नाजिम अहमद व अन्य लोग मौजूद रहे।

### शराब के नशे में धुत्त युवक ने मां को पीटा

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में मां की पिटाई कर दी। मंगलवार दोपहर कोतवाली पुलिस को 112 पर सूचना मिली कि एक युवक नशे की हालत में अपनी मां को पीट रहा है। सूचना पर चीता कांस्टेबल वीरेंद्र गोले मौके पर पहुंचे। समझाने बुझाने के बाद भी युवक मारपीट पर उतारु रहा। किसी तरह युवक को काबू में कर कोतवाली लाया गया, जहां कुछ घंटे बैठाने के बाद जब नशा उतरा तो वह छोड़ देने की गुहार लगाने लगा। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि जयदेव यादव के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

# बेतालघाट में पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा कर लौट रहे थे श्रमिक

## सड़क हादसे में जान गंवाने वाले आठ लोगों में से चालक का शव गांव ले गए परिजन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बेतालघाट के ऊंचाकोट क्षेत्र में सोमवार देर रात हादसे में मारे गए आठ लोगों के शव नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे। इसमें चालक राजेन्द्र कुमार व गोपाल के शव का मंगलवार देर शाम तक पोस्टमार्टम पूरा हो चुका था। जबकि अन्य छह लोगों के परिजनों के नहीं पहुंचने पर उनका पोस्टमार्टम देर रात तक होने की बात कही जा रही।

प्रभारी सीएमओ श्वेता भंडारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए दो डॉक्टरों की टीम का पैनल बनाया गया है। चालक राजेन्द्र कुमार पुत्र हरिराम निवासी बासकोट बेतालघाट के परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव ले गए, जबकि अन्य मृतक नेपाल मूल के हैं उनके शव बुधवार को परिजनों को सौंपे जाएंगे। वहीं बीडी पांडे अस्पताल के डॉ. अनिरुद्ध गंगोला ने भी दो शवों के पोस्टमार्टम होने की पुष्टि की।

बताते चलें कि ऊंचाकोट में पिकअप के अनियंत्रित होकर 200 फिट गहरी खाई में गिरने से चालक समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गए थे। हादसे में जान गंवाने वाले सात लोग नेपाल मूल के थे। मौके पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाल कर बेतालघाट प्राथमिक सामुदायिक केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया था। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि देर रात बेतालघाट क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा कर नेपाल मूल के श्रमिक हल्द्वानी जाने के लिए पिकअप में सवार हुए ही थे कि वाहन बैक करते समय अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा।



मोर्चरी के बाहर मौजूद मृतकों के परिजन व अन्य। ● अमृत विचार

### देर रात पहुंचेंगे नेपाल मूल के मृत श्रमिकों के परिजन

बेतालघाट हादसे में मारे गए नेपाल मूल के श्रमिकों के परिजन मंगलवार देर शाम तक भी पोस्टमार्ट हाउस नहीं पहुंच सके। जबकि नेपाली श्रमिकों के साथ हादसे की खबर सुनकर साथी श्रमिक अरविन्द मोर्चरी पहुंच गया। उसने बताया कि मरने वाले सात लोग नेपाल के महेन्द्रनगर के चिसापानी के रहने वाले हैं। उनके परिजन नैनीताल के लिए निकल चुके हैं। देर रात तक सभी के परिजनों के पहुंचने की संभावना है।

### ...राजेन्द्र को कई बार फोन कर बुलाया था

बेतालघाट क्षेत्र में हुए भीषण हादसे में अगर वाहन चालक राजेन्द्र हल्द्वानी जाने से मना कर देता तो शायद आज सभी लोग जिंदा होते। राजेन्द्र के भाई कृष्णा ने बताया कि उनका भाई रोज की तरह काम पूरा कर शाम को घर आ गया था। खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहा था। मगर नेपाली श्रमिकों के बार-बार आग्रह करने पर उनको हल्द्वानी छोड़ने को तैयार हो गया और घर से मात्र तीन किलोमीटर दूर जाते ही उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में मारे गए राजेन्द्र अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चे, पत्नी और मां को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### नजदीक से साथियों को खाई में गिरते देखा

...जाके राखो साईया मार सके न कोई। ये कहावत बेतालघाट हादसे में गाड़ी में सवार होने से बचे दो श्रमिकों पर सटीक साबित होती है। जिस समय पिकअप वाहन खाई में गिरा उस समय ये दो श्रमिक घर पर ताला लगा रहे थे। और साथी श्रमिकों से गाड़ी बैक करवाने की बात बोल रहे थे। इसी दौरान वाहन चालक गाड़ी बैक करने लगा और वाहन खाई में गिर गया। हादसे के बाद दोनों काफी डर व सहमे हुए हैं।

### घायलों का हाल जानने के लिए एसटीएच पहुंचे एडीएम

**हल्द्वानी :** बेतालघाट क्षेत्र में सोमवार की देर रात हुए सड़क हादसे में घायल दो लोगों का सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में इलाज चल रहा है। मंगलवार को एडीएम शिव चरण द्विवेदी ने एसटीएच पहुंचकर घायलों का हाल जाना। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों घायल मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं, जिसमें दशरथ (26) के सिर और कमर में चोट आई है। वहीं घायल लाली (32) के हाथ और रीढ़ की हड्डी में चोट है। दोनों की स्थिति समान्य है। दोनों घायलों का न्यूरो सर्जरी के जेबी वार्ड में उपचार चल रहा है।

### बच्चों से घर आने का वादा रह गया अधूरा ...

बेतालघाट क्षेत्र में काम पूरा होने के बाद अपने घर नेपाल वापस लौट रहे श्रमिक विनोद ने घटना से ठीक पहले अपने बच्चों और पत्नी से फोन पर बात की थी। उसने बुधवार को उनके पास पहुंच जाने का वादा किया था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। फोन पर बात करने के कुछ ही मिनट के बाद विनोद का वाहन खाई में जा गिरा, जिसमें उनकी मौत हो गई।

# आयोलाल झूलेलाल भजन पर थिरके भक्त



मंदिर प्रांगण में भगवान झूलेलाल की जयंती मनाने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सिंधी समाज ने मंगलवार को बरेली रोड पुरानी आईटीआई स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर प्रांगण में झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई।

मौके पर दमादम मस्त कलंदर, आयोलाल झूलेलाल..., उहो हत्थ मत्थे करे..., थार माता थार..., हो जमालो... आदि सिंधी गीतों पर लोग जमकर थिरके। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कोटा राजस्थान से आये लक्ष्मीचंद एंड पार्टी के कलाकारों ने भजन-कीर्तन और सुंदर झांकियों प्रस्तुत की। इससे पूर्व किच्छा, रुद्रपुर, गदरपुर से आये सिंधी पंचायतों के अध्यक्ष और पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विजय राजदेव अध्यक्ष, अशोक मूलानी उपाध्यक्ष, हरचंद महामंत्री, डॉ. गोविंद, देवानंद आसवानी, गोविंद राम सांई, विजय राजदेव, विनय धामेजा संरक्षक, मनीष केसवानी मंत्री और चेतन आसवानी संयुक्त मंत्री चुने गए।

### व्यापारी नेता गोल्डी निर्वाचन के आइकॉन मनोनीत



व्यापारी नेता गोल्डी को पत्र सौंपते अधिकारी।

**हल्द्वानी :** व्यापारी नेता डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के आइकॉन के रूप में मनोनीत किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एपी वाजपेई की ओर से जारी मनोनयन पत्र में कहा है कि लोकसभा चुनाव में लोगों में मतदान के प्रति जागरूक करने, बुजुर्गो को मतदान के लिए प्रेरित करने और मतदान के महत्व को लोगों के बीच पहुंचने के लिए गोल्डी को आइकॉन मनोनीत किया है। यह पत्र सुरेश अधिकारी व मोनिका चौधरी ने गोल्डी को दिया।

### पीएनजी महाविद्यालय के शोध छात्र शोएब बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के पीएनजी महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के शोध छात्र शोएब अंजीम अंसारी लोक सेवा आयोग की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित हुए हैं। वह वाणिज्य संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.ममता भदोला जोशी के निर्देशन में शोधरत हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने शोएब की इस उपलब्धि पर उन्हें एवं शोध निर्देशिका डॉ.ममता भदोला जोशी को बधाई दी।

### नवरात्र के पहले दिन पेयजल की किल्लत, लोगों में आक्रोश

**हल्दूचौड़ :** शिवालिकपुरम में पेयजल लाइन लीक होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। नवरात्र के पहले दिन पानी नहीं मिलने पर लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शिवालिकपुरम में तीन माह से लाइन में लीकेज हो रहा था। ग्रामीणों के कई बार शिकायत करने के बाद जल संस्थान ने सोमवार को गड्ढा खोदकर लीकेज सही किया, किंतु कर्मचारियों की लापरवाही से लीकेज बंद होने के बजाय पाइप लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे कालोनी में पेयजल के लिए हाहाकार मच गया।

### चोरी के जेवरात के साथ दो दबोचे

**रामनगर :** पीरुमदारा क्षेत्र के मधुबन कॉलोनी में बीते दिनों हुई सनसनीखेज चोरी का पर्दाफाश कर पुलिस ने चोरी के लाखों के जेवरात के साथ दो आरोपियों को धर दबोचा। कॉलोनी निवासी दीपिका पत्नी पूरन सिंह ने कोतवाली में चोरी की तहरीर दी थी कि वह घर से बाहर गई थी। वापस आई तो घर का ताला टूटा था। सोने के आभूषण गायब थे। पुलिस ने अरविंद पुत्र सीताराम ग्राम खरोटा थाना साबल उत्तर प्रदेश, राजेंद्र मिश्रा पुत्र शंभू नाथ मिश्रा निवासी ग्राम मछरिया थाना कटघर (मुरादाबाद) को सामान के साथ पकड़ लिया। आरोपियों को सोने का मंगलसूत्र, झुमकी और अंगूठी बरामद कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# रामनगर से पुराना लगाव : बलूनी

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में जनसभा में बोलते पौड़ी गढ़वाल सीट के भाजपा प्रत्याशी बलूनी।

**अमृत विचार :** पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने मंगलवार को लखनपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनका रामनगर से पुराना लगाव है।

यहां के विकास के लिए उनके पास कई योजनाएं हैं। रामनगर में टाइगर सफारी सहित कई पर्यटन योजनाएं हैं, जिनसे लोगों को रोजगार मिलेगा। इस दौरान लोकसभा सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी, पूर्व सांसद बलराज पासी व विधानसभा चुनाव संयोजक विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भी लोगों को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी माता गर्जिया देवी मंदिर के दर्शन कर अग्निकांड से प्रभावित दुकानदारों से मिले। इस दौरान हल्द्वानी से भाजपा नेता महेंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, निर्मला रावत, नरेंद्र चौहान गणेश रावत, इंदर रावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पथ संचलन पर मुस्लिमों ने की पुष्पवर्षा

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** विक्रम संवत 2081 के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसवकों ने हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नगर में बैंडबाजों के साथ पथ संचलन निकाला। बाजार में मुस्लिम समाज ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत।

मंगलवार को सरस्वती शिशु गोस्वामी मंदिर स्कूल के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर संघ चालक घनश्याम बौरा की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान प्रांत सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राजेश ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विमर्श अब सर्व स्वीकार्यता की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान मयंक गुप्ता, बच्ची सिंह बिष्ट, पूरन मेहरा, कै. लक्ष्मण देउपा, मोहन खोलिया, कुंदन बसेड़ा, महेन्द्र दिगारी, रवि कन्याल, विनोद बुढ़लाकोटी, भगवान कुमटीया, हरीश मेहरा, मोहन बिष्ट, महेश बिष्ट, गोपाल बुढलाकोटी, विक्रम जंतवाल, अजय मेहता, पंकज नेगी, बृजेश साह, आन सिंह गेड़ा आदि स्वंयसेवक पथ संचलन में मौजूद रहे।



आरएसएस के स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

### विश्व हिंदू परिषद ने बाइक रैली निकाली

**भीमताल :** विश्व हिंदू परिषद भीमताल की ओर से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष में नगर में बाइक रैली निकाली गई। रैली की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद भीमताल के अध्यक्ष कमल सिंह देवका ने की। रैली में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सागुड़ी, आशु पाठक, विनीत जोशी, धन सिंह राणा, राहुल जोशी, अर्जुन चनौतिया, राजू नयाल, कार्तिक रजवार, गौतम मटियाली, रवि कुमार, मोहित वर्मा, आयुष बृजवासी, कार्तिक रजवार, अकिलेश सेमवाल, मीना बिष्ट, नीमा नेगी, शिप्रा जोशी, मीनाक्षी आर्य आदि मौजूद रहे।






# 'अजेय' बचदा का नैनीताल में रुका था विजय रथ

## साल 2009 में हारे थे लोकसभा चुनाव, उससे पहले अल्मोड़ा से लगातार चार बार बने सांसद

संवाददाता, हल्द्वानी

**14** साल तक बची सिंह रावत ने लगातार चार लोकसभा चुनाव जीते और संसद पहुंचे, एक ही सीट पर जीत का रिकॉर्ड कायम किया

**60** साल की उम्र में बच दा ने राजनीति से संन्यास ले लिया था, आशंका जताई जाती है कि वह अटल-आडवाणी खेमे के थे इसलिए 2014 में उनका टिकट काटा गया था



**अमृत विचार:** भाजपा के कद्दावर नेता रह चुके बची सिंह रावत को लोग प्यार से बचदा कहते थे। बचदा अल्मोड़ा लोकसभा सीट से लगातार चार बार सांसद बने थे। अल्मोड़ा में उन्हें हराना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो गया था। बाद में जब उन्होंने सीट बदली और नैनीताल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा तब उनका चार बार लगातार सांसद का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड टूट गया।


राजनीति में कुछ ही नेता ऐसे होते हैं जिन्हें पक्ष और विपक्ष सभी जगह सम्मान मिलता है। पूर्व सांसद बची सिंह रावत भी ऐसे ही नेता था। बचदा साल 1991 और 1993 में भाजपा के टिकट उत्तर प्रदेश की विधानसभा में पहुंचे थे। पार्टी ने उनकी प्रतिभा को देखते हुए अल्मोड़ा लोकसभा सीट से उन्हें 1996 में चुनाव लड़वाया। उनके सामने थे कांग्रेस के हरीश रावत जो पहले भी इस सीट से चुनाव लड़ चुके थे और भाजपा के कद्दावर नेता मुरली मनोहर जोशी तक को चुनाव हरा चुके थे। बचदा ने हरीश रावत को करीब 60 हजार वोटों से हरा दिया।

साल 1998 के लोकसभा चुनाव में भी यही हुआ। बचदा ने हरीश रावत को फिर से अल्मोड़ा सीट से हरा दिया। साल 1999 में फिर से इतिहास ने खुद को दोहराया।

हरीश रावत फिर इस सीट पर बचदा से हार गए। बचदा केंद्र में राज्य मंत्री भी बनाए गए। जिसके बाद उनका कद और भी ज्यादा बढ़ गया। साल 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान हरीश रावत राज्यसभा भेजे जा चुके थे। इस बार बचदा के सामने हरीश रावत की पत्नी रेनुका रावत मैदान में उतरी। बचदा का जीत का अंतर पहले के मुकाबले कम हुआ था लेकिन जीत उनको ही मिली।

साल 2009 के लोकसभा चुनाव में अल्मोड़ा लोकसभा सीट एससी वर्ग के लिए आरक्षित हो गई। जिस वजह से बचदा को नैनीताल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना पड़ा था। उनके सामने कांग्रेस ने केसी सिंह बाबा को इस सीट से दोबारा टिकट दिया था। बाबा नैनीताल सीट से 2004 में भी सांसद बने थे। बचदा के अब तक के रिकॉर्ड को देखकर लग रहा था कि वह चुनाव जीत जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ और लगातार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड टूट गया। साल 2009 में कांग्रेस की पूरे प्रदेश में लहर चल रही थी। सभी पांचों सीटें पर कांग्रेस का कब्जा हुआ था।

### बाद में राजनीति से ही हो गए ओझल




**हल्द्वानी :** साल 2009 का लोकसभा चुनाव हारने के समय बचदा की उम्र 60 साल थी। राजनीति में इतनी उम्र सन्यास लेने की नहीं थी। साल 2014 में बचदा को टिकट नहीं दिया गया। कहा यह भी जाता है कि बचदा, अटल-आडवाणी खेमे के नेता थे। इस वजह से उनका टिकट काट दिया गया लेकिन बचदा की तरफ से कोई असंतोष कभी सामने नहीं आया। अंतिम बार भाजपा ने उन्हें साल 2012 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड में चुनावी घोषणा पत्र का चेयरमैन बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी थी। सक्रिय राजनीति के दौरान उनका कई बार उत्तराखंड के सीएम पद के लिए भी नाम उछला था लेकिन वह कभी इस पद तक नहीं पहुंच पाए। अलबत्ता वह साल 2007 से 2009 तक उत्तराखंड भाजपा के अध्यक्ष रहे थे। 18 अप्रैल 2021 को बचदा का निधन हो गया। राजनीति के गलियारों में कहा जाता है कि अगर बचदा साल 2009 में लोकसभा चुनाव नहीं हारते तो उनकी राजनीतिक पारी और भी लंबी हो सकती थी।

# सी-विजिल एप में दर्ज हुई 17,377 शिकायतें, 16800 का निस्तारण

ब्यूरो, देहरादून

**सुविधा**

- अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने दी जानकारी, इस मामले में देश में तीसरे नंबर पर पहुंचा उत्तराखंड



**अमृत विचार :** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सोमवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम और सरल बनाने के लिए विभिन्न एप और पोर्टल बनाए गए हैं।

सुविधा पोर्टल से नामांकन प्रक्रिया हो सकती है। प्रचार अवधि में प्रचार, हेलीकॉप्टर, वाहनों, पोस्टर बैनर एवं अन्य अनुमतियां सुविधा एप से उपलब्ध कराई जाती हैं। ऑनलाइन मोड से अनुमतियों के लिए आवेदन भी कर सकते हैं और अनुमति प्राप्त भी कर सकते हैं। राज्य में सुविधा पोर्टल से अभी तक 2,121 अनुमतियों के लिए अनुरोध प्राप्त हुए। इसमें से 1,721 अनुमतियां प्रदान की जा चुकी हैं। 360 अनुमतियां पूर्ण दस्तावेज नहीं होने अथवा निर्धारित प्रारूप पर न होने के कारण निरस्त की गई हैं। शेष अनुमतियों पर कार्यवाही गतिमान हैं, शीघ्रता से उनका निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद देहरादून सर्वाधिक 306 अनुमतियां, हरिद्वार में 299 और ऊधमसिंह नगर में 288 अनुमतियां दी जा चुकी हैं। 17 अप्रैल 2024 तक विभिन्न अनुमतियां ली जा सकती हैं।

जोगदंडे ने कहा कि सी विजिल एप में भी राज्य की अच्छी प्रगति है। राज्य देश के शीर्ष तीन राज्यों में अपनी कारवाई प्रदर्शित कर रहा है। अभी तक सी विजिल एप पर 17, 377 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इसमें से 16, 800 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। 554 शिकायतें निराधार पाई गई। सर्वाधिक शिकायतें जनपद पौड़ी में 3, 737, टिहरी में 3, 254 और हरिद्वार में 2, 600 प्राप्त हुई हैं। सबसे कम शिकायतें अल्मोड़ा में 162, बागेश्वर में 184 और उत्तरकाशी में 512 प्राप्त हुई हैं। अवैध पोस्टर की सबसे अधिक 10 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि सर्विस वोटर के लिए 93,187 ईटीपीबीएस जारी किए थे। इसकी अंतिम तिथि 7 अप्रैल थी। निर्धारित अवधि के बाद अब तक 89,047 आवेदन डाउनलोड हुए हैं। उन्होंने सभी सर्विस वोटर से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की।



उदय राज इंटर कॉलेज में मंच से उतरते सत्येंद्र चंद्र गुड़िया के साथ राजीव गांधी (फाइल)।

# भीड़ देख राजीव गांधी ने की थी सत्येंद्र गुड़िया की तारीफ

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

**यादें**

- राजीव गांधी ने विकास के बल पर आगे बढ़ने का दिया था मंत्र
- 1984 के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीते थे सत्येंद्र

**अमृत विचार :** नैनीताल लोकसभा सीट भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के परिवार और बाद में एनडी तिवारी सरीखे नेताओं की परंपरागत सीट रही है। 1980 में नैनीताल सीट से दिग्गज कांग्रेस नेता एनडी तिवारी यहां से सांसद बन दिल्ली पहुंचे। वर्ष 1984 में तिवारी सांसद की सदस्यता छोड़ उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए। तब उनके कहने पर इस सीट से एनडी तिवारी के करीबी विधायक व मंत्री रहे काशीपुर निवासी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया को नैनीताल सीट से टिकट दिया गया। जिसमें उनके चुनावी रथ के सारथी एनडी तिवारी बने और 1984 में सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने यहां से जीत हासिल की।

वर्ष 1984 में सत्येंद्र चंद्र गुड़िया के बुलावे पर राजीव गांधी पहली बार काशीपुर पहुंचे और उदयराज इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा को संबोधित किया। सत्येंद्र चंद्र गुड़िया के भाई विमल गुड़िया बताते हैं कि उस समय राजीव गांधी को लेकर जनता में काफी क्रेज था। उन्हें सुनने के लिए उदयराज इंटर कॉलेज का मैदान खचाखच भरा हुआ था। करीब 50 से 60 हजार लोग वहां मौजूद थे। जिसे देख राजीव गांधी भी खुश नजर आए और उन्होंने सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की पीठ थपथपाई और जीत को लेकर आश्वस्त दिखे। इस बीच इंदिरा गांधी की मौत के बाद राजीव गांधी ने हल्द्वानी में भी चुनावी जनसभा की थी। वहीं सत्येंद्र गुड़िया की माता का भी देहांत हो गया था। हल्द्वानी पहुंचे राजीव गांधी ने गुड़िया से कहा कि हम एक ही पायदान पर सवार हैं और एक-दूसरे को दुख को समझ रहे हैं।

सत्येंद्र गुडिया ने काशीपुर पॉलिटेक्निक की स्थापना के लिए कड़ी मेहनत की। इसके लिए जमीन अधिग्रहण होने पर जमीन स्वामी ने सत्येंद्र चंद्र गुड़िया को मारने के लिए उनके सीने पर बंदूक तान दी थी। बाद में बीच बचाव होने पर मामला निपट गया था।

# उत्तराखंड में पांच बार सांसद बने मुख्यमंत्री

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** राज्य बनने के बाद से ही कांग्रेस और भाजपा ने सीएम की कुर्सी पर सांसदों को भी मौका दिया है। देखा जाए तो राज्य में सीएम पद पर विधायकों से ज्यादा सांसदों को मौका दिया गया है। सांसदों को सीएम बनाने के चलते राज्य में तीन बार लोकसभा का उपचुनाव भी हो चुका है।

राज्य गठन के बाद पहली बार भाजपा ने नित्यानंद स्वामी को मुख्यमंत्री बनाया था। वह विधायक थे। हालांकि पार्टी में हुए विरोध के बाद विधानसभा चुनाव से कुछ माह पहले भगत सिंह कोश्यारी को मुख्यमंत्री बना दिया गया। वह भी विधायक थे। साल 2002 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा हार गई और कांग्रेस चुनाव जीत गई। इस बार कांग्रेस ने किसी विधायक के बजाय नैनीताल सीट से सांसद एनडी तिवारी को राज्य का सीएम बना दिया। तिवारी पूरे पांच साल सीएम रहे और अभी तक राज्य के अकेले सीएम हैं जो पूरे पांच साल तक सीएम रहे हैं। इसके बाद साल 2007 में भाजपा चुनाव जीती और इस बार पौड़ी सांसद बीसी खंडूड़ी को सीएम बनाया गया। बाद में उनकी जगह रमेश पोखरियाल निशंक को सीएम बनाया गया। बाद में खंडूड़ी दोबारा सीएम बने। साल 2012 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की तो इस बार टिहरी सांसद विजय बहुगुणा को कांग्रेस ने सीएम बनाया।

### चार बार सांसद बने सीएम को विधायक बनना पड़ा

राज्य में सीएम की कुर्सी पर पहुंचने के बाद पांच बार सीएम को विधायक बनने के लिए उपचुनाव लड़ना पड़ा है। एनडी तिवारी ने रामनगर सीट से, बीसी खंडूड़ी धूमाकोट सीट से, विजय बहुगुणा ने सितारगंज और हरीश रावत धारचूला सीट से उपचुनाव जीतकर विधायक बने थे। सीएम बने रहने के लिए पुष्कर सिंह धामी को भी चंपावत सीट से विधानसभा का उपचुनाव जीतना पड़ा था। हालांकि वह सांसद नहीं थे, लेकिन खटीमा सीट से चुनाव हार गए थे।

बाद में साल 2014 में बहुगुणा की जगह हरिद्वार सांसद हरीश रावत को सीएम बनाया गया। हालांकि उनके सीएम बनने के बाद उपचुनाव नहीं हुआ क्योंकि कुछ ही दिनों बाद लोकसभा चुनाव थे। वर्ष 2021 में भाजपा त्रिवेंद्र रावत को हटाकर पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत को सीएम बना दिया था। उनको विधायक बनाने के लिए उपचुनाव की नौबत आती इससे पहले ही उनकी जगह खटीमा विधायक पुष्कर सिंह धामी को सीएम बना दिया गया।



ईवीएम कक्ष का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार। ● अमृत विचार

# कमिशनिंग में कमी आए तो ईवीएम को रिजेक्ट कर दें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**निर्देश**

- सामान्य प्रेक्षक व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट के कमिशनिंग में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने सोमवार को एमबीपीजी कॉलेज में ईवीएम वीवीपैट की कमिशनिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद की छह विधानसभा सीटों के एआरओ को जरूरी निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक बरार ने कहा कि ईवीएम कमिशनिंग के दौरान राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर उपस्थित पंजिका में अनिवार्य तौर से अंकन कराएं। इसी तरह ईवीएम कमिशनिंग की अनिवार्य तौर से वीडियोग्राफी कराई जाए। उन्होंने जनपद की छह विधानसभा सीटों में ईवीएम कमिशनिंग का निरीक्षण किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि ईवीएम कमिशनिंग की सूचना सभी राजनैतिक और गैर राजनैतिक दलों को हिस्सा लेने के लिए दी गई है।

उन्होंने कहा कि यदि कमिशनिंग के दौरान ईवीएम में कोई भी तकनीकी समस्या आए तो उस ईवीएम को तत्काल रिजेक्ट कर दें ताकि मतदान के दिन कम से कम मशीन बदलनी पडे.। बेहतर यही है कि पूर्व में ही ईवीएम भली भांति चेक की जाए। मतदान के दिन कोई चांस नहीं लिया जाना चाहिए। सभी एआरओ बूथों की तैयारियों की मॉनीटरिंग स्वयं करें। गर्मी को देखते हुए मतदाताओं एवं पोलिंग टीमों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े इसका भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग स्टेशनों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान नोडल अधिकारी एमसीएमसी शिवचरण द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार मौजूद रहे।

## वृद्धों और दिव्यांगों ने किया मतदान

**बागेश्वर:** दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से घर से ही मतदान की प्रक्रिया जारी रही। मंगलवार को भी जिले में ऐसे मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि जनपद की दोनों विधानसभाओं में टीमें 10 अप्रैल तक घर-घर जाकर मतदान कराएंगे। टीमें सभी दूरस्थ गांवों में जा रही हैं। उन्होंने बताया कि छूटे हुए मतदाताओं को 11 से 13 अप्रैल तक मतदान कराया जाएगा।

# बेटे की चुनाव ड्यूटी हटवाने पहुंची मां

संवाददाता, हल्द्वानी

**हाल**

- सड़क हादसे में घायल घनश्याम को दो साल से नहीं दी ज्वाइनिंग
- विभाग ने सीधे चुनाव में लगा दी ड्यूटी

**अमृत विचार :** गौलापार निवासी होमगार्ड के घनश्याम चंद की मां खष्टी देवी ने बताया कि घनश्याम 2005 से होमगार्ड है। 2016 में वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया, जिससे व्हीलचेयर पर बैठे रहना उनकी मजबूरी बन गई। इस दौरान विभाग की ओर से उन्हें सहायता देना तो दूर उल्टा ड्यूटी में नहीं आने पर लगातार कारण बताओ नोटिस जारी किए। हर बार स्पष्टीकरण में घनश्याम ने अपने स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में बताया और ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए 6 माह का समय देने की मांग की। इसके बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर 2022 में घनश्याम ने जिला कमांडेंट, होमगाड्र्स को ड्यूटी करने की स्थिति में होने और कर्जे में डूबने का हवाला देते हुए नजदीकी स्थान में ड्यूटी लगाने का अनुरोध किया। तब विभाग ने घनश्याम को ज्वाइनिंग नहीं दी लेकिन अब चुनाव में ड्यूटी लगाते हुए आदेश में उन्हें 14 अप्रैल से चुनाव में ड्यूटी करने तथा सुबह 8 बजे प्लाटून कमांडर को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हैं।

निर्वाचन कार्यालय के बाहर काफी देर तक उनकी माता परेशान घूमती रहीं। काफी देर परेशान होने के बाद वह एडीएम फिंचा राम चौहान से मिलीं और सारी आपबीती सुनाई। इसके बाद चौहान ने महिला को कमांडेंट से बात करने और ड्यूटी नहीं लगाने का आश्वासन दिया।

**चुनाव** | काशीपुर के बुजुर्ग बोले-हर बार रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा के मुद्दे पर आश्वासन ही मिलते हैं

# युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए बुजुर्ग देंगे वोट

करन सिंह, काशीपुर



जमना देवी। सरविंदर कौर। दीवान तनेजा। कमल सिंह।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर बुजुर्गों में भी उत्साह दिख रहा है। बुजुर्ग मतदाता प्रत्याशियों को परखना अच्छे से जानते हैं, उनके वादों पर तो बुजुर्गों को विश्वास नहीं होता, लेकिन युवाओं के भविष्य को संवारने वाली सरकार उनको चाहिए। अच्छी शिक्षा और रोजगार की उम्मीदें लेकर वह वोट डालने जरूर जाएंगे।

19 अप्रैल को वोटर अपना सांसद चुनेंगे। इसके लिए पार्टी और प्रत्याशियों के बारे में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। चुनावी चर्चाएं बुजुर्ग मतदाता करें तो रोचक बातें भी सामने निकलकर आती हैं। बुजुर्गों में अनुभव अधिक होने से प्रत्याशियों की परख का युवाओं को भी पता चल जाता है।

बिष्ट कॉलोनी मानपुर रोड के 85 वर्षीय कमल सिंह बताते हैं कि वह सुबह सात बजे ही वोट डालने के लिए लाइनों में लग जाते थे। लोगों में उत्साह इतना था कि एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रहती थी, लेकिन चुनाव में किए गए वादों पर आश्वासन ही मिले। शहर के लिए कोई बड़ा प्लान तैयार नहीं किया।

प्रतापपुर निवासी 80 जमना देवी बताती हैं कि पहले गली मोहल्लों में चुनाव का शोर होता था। अब टीवी व मोबाइल पर प्रत्याशी दिखते हैं। इसके लिए किसी तरह समय तो निकाल ही लेते हैं। अब युवाओं की बारी है। उन्हें अच्छी शिक्षा व रोजगार देने वाले प्रत्याशी को वह सांसद चुनेंगे। रोजगार की तलाश में पहाड़ खाली हो रहे हैं, पहाड़ों पर उद्योग लगाकर रोजगार देने वाली सरकार होनी चाहिए।

71 वर्षीय सरविंदर कौर कहती हैं कि आज के दौर में शिक्षा जरूरी है। जीतने वाले प्रत्याशी को शिक्षा और रोजगार पर काम करना चाहिए।

वहीं 75 वर्षीय दीवान तनेजा ने बताया कि देश की तरक्की तभी संभव होगी, जब युवा सशक्त होकर आगे बढ़ेगा। पहले सड़क, बिजली पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं के नाम पर वोट मांगा जाता था, अब ऐसा नहीं होता है। होना भी नहीं चाहिए। वह युवाओं की मजबूती के लिए अपना वोट 19 अप्रैल को डालेंगे।

## आने-जाने वालों की रजिस्टर में एंट्री करें

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज में बने चुनाव कार्यालय में जिले के छह विधानसभा सीटों की ईवीएम की कमिशनिंग का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम के एंट्री गेट पर तैनात आईटीबीपी के जवानों को निर्देश दिए कि रूम में आने जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की रजिस्टर में एंट्री जरूर की जाए। केवल उन्हीं अधिकारी-कर्मचारियों को स्ट्रॉन्ग रूम में एंट्री दी जाए जिनका वहां काम है। इस कक्ष में मोबाइल व किसी भी किस्म का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना प्रतिबंधित है। उन्होंने ईवीएम कमिशनिंग निर्धारित समय में कराने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश : भट्ट

संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी में जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन करते भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट।

**अमृत विचार :** भाजपा के नैनीताल संसदीय सीट से उम्मीदवार अजय भट्ट ने मंगलवार को हल्द्वानी में एक के बाद एक ताबड़तोड़ जनसभाएं की।

डहरिया स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुई जनसभा में उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। आने वाले तीसरे कार्यकाल में देश को पांचवीं से तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने समेत कई ऐतिहासिक फैसले लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को उत्तराखंड से बेहद प्यार है। जमरानी, ऑल वेदर रोड, मानसखंड यात्रा, बागेश्वर टनकपुर रेल सर्वे के लिए बजट समेत कई महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं और आगे भी होंगे।

भट्ट ने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक देश को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हम सभी को उन्हें मजबूती देनी होगी। इससे पूर्व उन्होंने लामाचौड़, कुसुमखेड़ा, जीतपुर नेगी, आवास विकास में भी जनसभाएं की। इस दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, महेश शर्मा, देवेश अग्रवाल, विकास भगत, मोहन पाठक, गौरव जोशी आदि मौजूद रहे।

## सितारगंज में सबसे अधिक 42 और खटीमा में हैं सबसे कम 16 मतदाता, कई ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन, कुछ करेंगे 19 को मतदान

# जिले में सौ साल से अधिक उम्र के 297 मतदाता करेंगे मतदान

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में इस बार ऊधमसिंह नगर की नौ विधानसभाओं में सौ या इससे अधिक उम्र के 297 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 121 और महिला मतदाताओं की संख्या 176 है। सौ से अधिक उम्र के सबसे अधिक 42 मतदाता सितारगंज विधान में और सबसे कम 16 मतदाता खटीमा विधानसभा के हैं। इसमें कई मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन किया है, जबकि कई मतदाता 19 अप्रैल को मतदान के दिन ही अपना मत देंगे। हालांकि इस बार निर्वाचन आयोग ने 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर-घर मतदान की सुविधा दी हुई है।

> जिले की सभी नौ विधानसभाओं में 100 या 100 से अधिक उम्र के 297 मतदाता है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 121 और महिला मतदाताओं की संख्या 176 है। इसमें से कुछ मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन किया है, जबकि अन्य मतदाता 19 अप्रैल को ही मतदान करेंगे।
> **-विजय तिवारी,** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

**सौ या सौ से अधिक उम्र के कितने मतदाता**

| विस | पुरुष | महिला | मतदाता | विस | पुरुष | महिला | मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रुद्रपुर | 15 | 32 | 47 | काशीपुर | 20 | 18 | 38 |
| खटीमा | 06 | 10 | 16 | जसपुर | 16 | 20 | 36 |
| सितारगंज | 18 | 24 | 42 | बाजपुर | 14 | 27 | 41 |
| गदरपुर | 11 | 30 | 41 | नानकमत्ता | 15 | 08 | 23 |
| किच्छा | 06 | 07 | 13 | कुल | 121 | 176 | 297 |

## सामान्य प्रेक्षक ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर


सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक और रिटर्निंग ऑफिसर।

**निरीक्षण**
- सामान्य प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के दिए निर्देश
- सखी बूथों पर मदद के लिए पुरुष कार्मिकों को रखा गया है रिजर्व में

**अमृत विचार:** सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने बगवाड़ा में स्ट्रांग रूम मतदान के लिए तैयार की जा रही ईवीएम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि मतदान के लिए विधानसभावार ईवीएम मशीनें तैयार की जा रही हैं जो अंतिम चरण में हैं। मतदान के दिन प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक-एक ईवीएम विशेषज्ञ तैनात किया जाएगा। साथ ही ईवीएम विशेषज्ञों की विधानसभा वार टीमें भी लगाई जाएंगी। ताकि ईवीएम मशीनों में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर त्वरित निस्तारण किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि सखी बूथों पर सभी महिला मतदान अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनकी किसी प्रकार की सहायता के लिए एक पुरुष कार्मिकों को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने बताया स्ट्रांग रूम परिसर में पैनी नजर रखने के लिए 160 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनका कंट्रोल रूम मंडी सचिव कार्यालय कक्ष में स्थापित किया गया है। सामान्य प्रेक्षक ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, सीओ निहारिका आदि मौजूद थे।


खटीमा में वयोवृद्ध से वोट डलवाते मतदान अधिकारी। ● अमृत विचार

## वयोवृद्ध और दिव्यांग 114 मतदाताओं ने डाले वोट

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में वयोवृद्ध मतदाताओं से घर-घर जाकर बैलेट से मतदान कराने की प्रक्रिया चल रही है। मतदान कराने के लिए छह टीमें गठित की गई हैं। इसके तहत दो दिनों में 114 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। इनमें 15 दिव्यांग भी शामिल हैं।

सहायक चुनाव अधिकारी हिमांशु जोशी ने बताया कि जिन 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं द्वारा घर से मतदान करने का आवेदन किया था। उनके साथ ही 15 दिव्यांग के मतदान कराने के लिए 8, 9 और 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। दो दिनों में कुल 114 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। यह बताया कि शेष पांच मतदाता बचे हैं जिनमें दो की मृत्यु हो चुकी है और तीन घर से बाहर हैं।

# तो क्या पहले ही एनकाउंटर का मन बना चुकी थी ऊधमसिंह नगर पुलिस

## 13 दिन में तीन बार बढ़ाई गई इनाम की राशि, एसएसपी के वायरल कॉल के निकाले जा रहे कई मायने

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** । 13 दिन में तीन बार शूटरों पर इनाम की धनराशि को बढ़ाना और हत्याकांड के वक्त एसएसपी की वायरल कॉल वीडियो के कई मायने निकल रहे हैं, लेकिन यह तो तय है कि सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले शूटरों को सबक सिखाने का ऊधमसिंह नगर पुलिस मन बना चुकी थी।

बताते चलें कि 28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड के बाद से ही पुलिस ने शूटर अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह पर 25 हजार से प्रारंभ की इनाम की राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी थी। वहीं घटनास्थल के वक्त मौका मुआयना करने के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी किसी से फोन पर बात कर रहे थे कि अब गिरफ्तारी नहीं होगी। यह वायरल कॉल कई सवाल छोड़ रही थी।

हालांकि चर्चा है कि एसएसपी किसी और प्रकरण में वार्ता कर रहे होंगे। लेकिन कई लोगों का मानना है कि एसएसपी घटनास्थल पर खड़े होकर हत्याकांड के संबंध में ही वार्ता कर रहे होंगे। मामला जो भी हो, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि दिनदहाड़े शूटरों ने बाबा की हत्या कर प्रदेश में सनसनी फैला दी थी। जबकि शूटर एक पेशेवर अपराधी थे और कहीं न कहीं प्रदेश में उनकी आवाजाही अपराध को बढ़ावा दे सकती थी।


रुड़की के सरकारी अस्पताल में मृत अमरजीत के बारे में जानकारी लेते हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल। ● अमृत विचार

**28** मार्च को नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हुई थी हत्या, तबसे शूटर्स की तलाश कर रही थी पुलिस


हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण करते आईजी करन नगन्याल।

### 15 साल बाद हुआ किसी का एनकाउंटर

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**कार्रवाई**
- वर्ष 2009 में रणवीर का हुआ था आखिरी एनकाउंटर
- फरार सर्वजीत और मास्टरमाइंड सुल्तान में पैदा होगा खौफ

**अमृत विचार:** रणवीर एनकाउंटर के बाद उत्तराखंड में एनकाउंटर की परंपरा बंद हो चुकी थी, लेकिन मंगलवार की तड़के जिस प्रकार कुमाऊं एसटीएफ और हरिद्वार पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन ने बाबा तरसेम के शूटर अमरजीत को मार गिराया। उससे 15 साल बाद फिर एनकाउंटर होने से कहीं न कहीं अपराधियों के जहन में खौफ पैदा होगा। अमरजीत के एनकाउंटर के बाद फरार चल रहे सर्वजीत और साजिशकर्ता सुल्तान खौफ के साए में जीने को विवश हो गए होंगे।

बताते चलें कि तीन जुलाई 2009 में देहरादून में रणवीर सिंह का फर्जी एनकाउंटर हुआ था और अदालत ने एनकाउंटर के दोषी 18 पुलिसकर्मियों को सजा भी सुनाई थी। रणवीर एनकाउंटर के बाद से प्रदेश में मुठभेड़ और एनकाउंटर होना पूर्णतया बंद हो गया था। बावजूद 28 मार्च को नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा ग्राम सिहोरा बिलासपुर यूपी को कुमाऊं एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस के ज्वाइंट टीम ने 15 साल बाद हरिद्वार के भगवानपुर में मार गिराया। इससे यह तो साफ हो गया है कि अब प्रदेश की पुलिस इस खौफ से बाहर निकल चुकी है।

एनकाउंटर किए जाने के पीछे एक मुख्य वजह यह भी है कि मारा गया शूटर पेशेवर अपराधी था और बाबा की हत्या करने के बाद सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था। साथ ही शूटर अमरजीत पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित हो चुका था। यही कारण है कि एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस ने मुठभेड़ में शूटर अमरजीत को मार गिराया, लेकिन बाबा के शूटर के एनकाउंटर के बाद फरार चल रहे दूसरे हत्यारोपी सर्वजीत सिंह निवासी तरनतारन पंजाब और साजिश कर्ता बिलासपुर यूपी निवासी सुल्तान के जहन में उत्तराखंड पुलिस का खौफ जरूर पैदा हो गया होगा, क्योंकि 15 साल बाद एनकाउंटर करके प्रदेश पुलिस ने अपने इरादों को साफ कर दिया है। अमरजीत के एनकाउंटर के बाद फरार चल रहे हत्यारोपी व साजिशकर्ता के जहन में एनकाउंटर का डर सता रहा होगा।

### बाबा हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**किच्छा :** नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब के मुख्य जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में निर्दोष लोगों को फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए सिख समाज के तमाम लोगों ने बैठक की। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करने की मांग की। पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने नानकमत्ता साहिब के मुख्य सेवादार बाबा तरसेम सिंह की हत्या की घटना की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि हत्या की घटना में निर्दोष लोगों को साजिश के तहत फंसाया जाना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा एफआईआर में दर्ज किए गए निर्दोष लोगों के नाम जांच में हटाए जाने चाहिए। बैठक का संचालन जनरल सेक्रेटरी प्रभजोत सिंह चीमा ने किया। मौके पर गुलशन कुमार, करमजीत सिंह रंधावा, बलबीर सिंह विर्क, देवेंद्र सिंह विर्क, निर्मल सिंह हंसपाल, पलविंदर सिंह नैय्यर, तेजपाल सिंह, अमरजीत सिंह विर्क आदि मौजूद रहे।

### डीजीपी ने ली एनकाउंटर की विस्तार से जानकारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बाबा तरसेम हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों शूटर चुनौती बने हुए थे। बेखौफ तरीके से उन्होंने बाबा हत्याकांड को अंजाम दिया था। बाबा की हत्या ने हर किसी को झकझोर दिया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने घटना के अगले दिन ही नानकमत्ता पहुंचकर सारी जानकारी ली थी। कई दिनों तक अपर पुलिस महानिदेशक नानकमत्ता में डेरा डाले रहे। दोनों शूटर्स की धरपकड़ को तेज-तर्रार पुलिस अफसरों व जवानों की 13 टीमें लगी थीं। एसओजी, एसटीएफ, एसआईटी की टीमें दिन-रात शूटर की खोज में जुटी थीं। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, शाहजहांपुर और रामपुर जिले में कई पुलिस टीमें डेरा डाले थीं। नेपाल, पंजाब में भी शूटर्स की खोज की गई। लगातार ठिकाने बदलने की वजह से शूटर पुलिस के हत्थे नहीं आ पा रहे थे। इस दौरान शूटर्स को संरक्षण देने और हत्या की साजिश में शामिल रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार देर रात शूटर अमरजीत सिंह के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने खुद देहरादून में प्रेस ब्रीफिंग कर घटनाक्रम की जानकारी दी। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान, आईजी नीलेश आनंद भरणे, आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल भी मौजूद रहे।

### शूटर अमरजीत को लगीं आठ गोली

**हल्द्वानी /हरिद्वार :** बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत को मुठभेड़ में ढेर करने के बाद हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल, आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल ने मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया। मुठभेड़ स्थल के बाद पुलिस अफसरों ने रुड़की सिविल अस्पताल व पोस्टमार्टम हाउस का भी निरीक्षण किया। आईजी ने कहा कि अमरजीत का जो साथी फरार हो गया है। अमरजीत को आठ गोलियां लगी हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 32377940222 में मेरा नाम महेश सिंह पुत्र चंद्र सिंह अंकित है जबकि आधार कार्ड संख्या 5126 2412 5997 में मेरा नाम महेंद्र सिंह पुत्र चंद्र सिंह दर्ज है, जो कि सत्य है। महेश सिंह व महेंद्र सिंह एक ही व्यक्ति के नाम हैं। आधार कार्ड का सही व सत्य नाम महेन्द्र सिंह पुत्र चंद्र सिंह संशोधन कर भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 32377940222 में अंकित करना न्याय संगत होगा। - **महेंद्र सिंह पुत्र चंद्र सिंह, निवासी हरिपुर फुटकुआ, बेल बाबा, रामपुर रोड, हल्द्वानी जिला-नैनीताल।**


किच्छा में दर्जा राज्यमंत्री विश्वास डाबर का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## चीन और पाक से डरती थी कांग्रेस सरकार : डाबर

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** दर्जा राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वास डाबर ने पंजाबी समाज के गणमान्य लोगों के साथ बैठक करते हुए कांग्रेस पर इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने तथा पंजाबी समाज के बलिदान को छुपाने का आरोप लगाया।

नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित होटल में आयोजित बैठक में दर्जा राज्यमंत्री विश्वास डाबर ने कहा कि देश में पहली बार हिंदुस्तान ने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर जवाब दिया है जबकि कांग्रेस शासन में पाकिस्तान और चीन हमेशा ही हावी रहता था। इस दौरान राज्य मंत्री विश्वास डाबर एवं राज्य मंत्री राजपाल सिंह ने उपस्थित लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इससे पूर्व तमाम वरिष्ठ भाजपाइयों ने गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि विश्वास डाबर का स्वागत किया।

बैठक में विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, जितेंद्र सिंह संधू, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे। बैठक के पश्चात भाजपा नेता विश्वास डाबर ने वरिष्ठ भाजपा नेता किशन गोयल के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर वरिष्ठ भाजपाइयों से चुनाव को लेकर चर्चा की।

## जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रत्याशियों ने किया नामांकन


रुद्रपुर में नामांकन पत्र दाखिल करते बार एसोसिएशन चुनाव के प्रत्याशी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर जजी परिसर में चहलकदमी शुरू हो गई है। जहां अध्यक्ष पद पर चार और सचिव पद पर तीन के अलावा उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट, उप सचिव, कोषाध्यक्ष, लेखा परीक्षक, पुस्तकालय, वरिष्ठ सदस्य और कनिष्ठ सदस्यों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस बार हर पद पर कई प्रत्याशियों के नाम सामने आने पर बार एसोसिएशन का चुनाव दिलचस्प होने लगा है। इसकी सारी तैयारी चुनाव संचालन समिति ने पूर्ण कर ली है।

मंगलवार को मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सीपी जोशी, सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र सिंह डंग, जगदीश बिष्ट और चंचल बाला की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। दोपहर तीन बजे तक चली प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता दिवाकर पांडेय, प्रीतम लाल, वीरेंद्र कुमार गोस्वामी, संजीव फोगाट, उपाध्यक्ष पर अखलाक अहमद, कृष्ण चंद्र, धर्मेंद्र शर्मा, इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट पर विष्णु कुमार मंडल, शिवकुमार शर्मा, सचिव पद पर आरएस रावत, सर्वेश कुमार सिंह, जसवंत सिंह, उपसचिव पर हरप्रीत सिंह, विकास तिवारी, हरबंश लाल, गिरीश चतुर्वेदी और कोषाध्यक्ष पद पर पावेल कठायत, सर्वेश बाबू ने नामांकन दाखिल किया।

इसके अलावा लेखा परीक्षक आशीष त्रिपाठी, गिरि शराज कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष पर गोविंद लाल, गौरव मिड्ढा, गणेश कुमार, वरिष्ठ सदस्य पर अमित छाबड़ा, अखिलेश कुशवाहा, इंद्रजीत पाल, माया शर्मा, उमा गक्खर और कनिष्ठ सदस्य पर जय प्रकाश गंगवार, संजीत बढ़ई, परविंदर सिंह ने अपना पर्चा दाखिल किया। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सीपी शर्मा ने बताया कि 15 से 16 अप्रैल को प्रपत्रों की जांच व नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। 20 अप्रैल को प्रत्याशियों का संबोधन और 24 अप्रैल को मतदान व 25 अप्रैल को मतगणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव की वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ी रही भीड़



**बाजपुर :** चैत्र नवरात्र पर्व पर प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। प्राचीन शिव मंदिर, रामराज रोड स्थित तीन मूर्ति मंदिर, शॉपिंग कांप्लेक्स के बराबर में स्थित ब्रह्मदेव-शनिदेव मंदिर, मंडी समिति परिसर में स्थापित मां-दुर्गा, हनुमान, साईं एवं खाटू धाम आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

### हर साल नगर मंदिर से मां के डोले को पारंपरिक रास्ते से ले जाते हैं भक्त, मार्ग क्षतिग्रस्त होने से मायूस हैं लोग, बोले- जल्द मार्ग की मरम्मत कराएं अधिकारी

# जिस मार्ग से गुजरेगा मां बाल सुंदरी देवी का डोला, वह बदहाल

चिंताजनक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मां बाल सुंदरी देवी के आशीर्वाद से ऐतिहासिक चैती मेला हर साल लगता है। देवी के दर्शन व मेले में उत्तराखंड से ही नहीं, बल्कि यूपी से भी सैकड़ों लोग आते हैं। लेकिन देवी का डोला जिस रास्ते से गुजरता है, उस मार्ग की अनदेखी की जा रही है। मार्ग की स्थिति यह है कि गड्ढों के साथ ही पड़े ईंट व पत्थर अधिकारियों की व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं।

15 अप्रैल की अर्द्धरात्रि को नगर मंदिर से देवी का डोला चैती मंदिर सैकड़ों भक्त लेकर जाएंगे। गोविषाण टीले के समीप से बनाया गया मार्ग देवी का डोला ले जाने वाला पारंपरिक मार्ग है। हर बार की तरह इस बार भी देवी का डोला इसी मार्ग से होकर ले जाया जाएगा। करीब एक किलो मीटर तक पड़ने वाला रास्ता बेहद ही खराब है। मार्ग की स्थिति इतनी बदतर है कि पैदल तक नहीं चला जा सकता है। गड्ढों के साथ ही पड़े ईंट व पत्थर दुश्वारियों को बढ़ा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह मार्ग हाल फिलहाल में बदहाल नहीं हुआ है। कई सालों से खराब पड़ी सड़क को अधिकारी ठीक तक नहीं करवा पाए हैं। इससे श्रद्धालुओं में गहरा रोष है। बताया कि कई बार नगर निगम के अधिकारियों से कहा गया, लिखित में भी दिया गया, लेकिन किसी भी अधिकारी की मार्ग की बदहाली पर नजर नहीं पड़ी।



काशीपुर में खस्ताहाल मां बाल सुंदरी देवी का पारंपरिक डोला मार्ग।



"गौविषाण टीले के पास बने मार्ग से ही होते हुए देवी का डोला चैती मंदिर लाया जाएगा। यह मार्ग डोला ले जाने के लिए पारंपरिक मार्ग है। कई बार मार्ग की मरम्मत के लिए कहा गया। लेकिन रास्ता बेहद ही खराब स्थिति में है।
– **विकास अग्निहोत्री**, मुख्य पंडा, चैती मंदिर।



"कई सालों से मार्ग की मरम्मत नहीं कराई है। मार्ग के आस-पास कई लोग रहते भी है। देवी का डोला इसी रास्ते से होकर चैती मंदिर पहुंचाया जाता है। मां बाल सुंदरी देवी से लोगों का अटूट आस्था है। 15 अप्रैल से पहले मार्ग की मरम्मत कराई चाहिए।
– **शैलेंद्र मिश्रा**, अधिवक्ता।



"सैकड़ों भक्त मां बाल सुंदरी देवी के डोले को लेकर चैती मंदिर पहुंचेंगे। मार्ग की स्थिति ठीक नहीं है। इससे वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों मार्ग की हालत पर ध्यान देना चाहिए। जल्द मार्ग की मरम्मत कराना चाहिए।
–**जमना देवी**, महिला।



"सुप्रसिद्ध चैती मेले का शुभारंभ हो चुका है। मेला ऊबड़ खाबड़ मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि, प्रशासन के उपेक्षा व उदासीनता के कारण डोले के मार्ग में आज तक भी कोई सुधार नहीं हो पाया है। विधायक व स्थानीय प्रशासन को मां बाल सुंदरी देवी के खस्ता हाल डोला मार्ग को जल्द दुरुस्त करना चाहिए।– **सुरेश शर्मा**, समाजसेवी।

# ऐतिहासिक चैती मेले का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ

### मंगलवार को पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने किया शुभारंभ, 15 अप्रैल की अर्द्धरात्रि जाएगा मां बाल सुंदरी का डोला

आस्था

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तर भारत का ऐतिहासिक चैती मेले का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और ध्वज फहराकर किया गया। 15 अप्रैल की अर्द्धरात्रि को मां भगवती का डोला चैती मंदिर में पहुंचेगा। मां भगवती चैती मंदिर में 22 अप्रैल तक भक्तों को दर्शन देंगी।

चैत्र नवरात्र से ऐतिहासिक चैती मेला शुरू हो गया है। मंगलवार को पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री, भाजपा नेता दीपक बाली, मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह आदि ने मंदिर की परिक्रमा की और पूजा अर्चना कर माथा टेका। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और ध्वजारोहण के साथ मेले का शुभारंभ किया। मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मेला पांच मई तक चलेगा। मंदिर को फूलों और लाइटों से सजाया गया है। मंदिर के आस-पास ही दुकानें लगाई जा रही हैं। मंदिर में पॉलीथिन पर प्रबंधन लगाया गया है। श्रद्धालुओं के रहने के लिए धर्मशाला बनाई गई है। मंदिर में बच्चों का मुंडन संस्कार और नवविवाहिता दंपति दर्शन को आते हैं। बताया कि जिस स्थान पर गर्भ गृह है, वहां सती की बायीं भुजा गिरी थी। इस लिए यह मंदिर 52 शक्तिपीठों शामिल है। मंदिर परिसर के ईशान कोण में यज्ञशाला स्थापित है, यहां पर प्रतिदिन हवन यज्ञ होता है। माना जाता है कि द्रोपदी ने भी यहां मां बाल सुंदरी देवी की पूजा अर्चना की थी। इस मौके पर एमएनए विवेक राय, ऊषा चौधरी, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, भाजपा नेता राम मेहरोत्रा, गुरविंदर सिंह चंडोक, रजत सिद्धू, पंडा कृष्ण गोपाल, पंडा विवेक, शिवा अग्निहोत्री, शक्ति अग्निहोत्री, भुवन जोशी आदि मौजूद थे।



चैती मेले का शुभारंभ करते पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और पंडा परिवार। ● अमृत विचार



मंदिर में लहराता ध्वज। ● अमृत विचार



चैती मैदान में बना अस्थायी मेला थाना। ● अमृत विचार

### सुरक्षा के लिए बना अस्थायी थाना, 80 सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी नजर

**काशीपुर :** चैती मेले में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। ऐतिहासिक मेला शुरू होने के कारण चैती मेले में दूरदराज से कई श्रद्धालु मेले में पहुंचते हैं। वहीं लाखों की भीड़ होने के कारण आपराधिक घटनाएं भी मेले में बढ़ जाती हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने लोकसभा चुनाव व अन्य कार्यक्रमों में पुलिस बल के लगे होने के कारण वॉलिंटियर व स्वयंसेवियों को भी मेले में लगाने का निर्णय लिया है। चैती मेले में सुरक्षा के लिहाज से एक अस्थायी चैती मेला थाना भी बनाया गया। इसमें पुलिस फोर्स के साथ यातायात, सीपीयू और फायर कर्मी को तैनात किया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव व अन्य कार्यक्रमों में पुलिस बल के लगे होने के कारण पुलिसकर्मियों की कमी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने निजी सिक्योरिटी कंपनी के सुरक्षा कर्मी, एसपीओ और विभिन्न एनजीओ के सदस्यों की भी मेले में ड्यूटी लगाने का निर्णय है। जो मेले में आने वाले लोगों की सहायता के साथ-साथ आपराधिक घटनाओं को रोकने का भी कार्य करेंगे। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि करीब एक महीने तक चलने वाले चैती मेले में लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसमें पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया गया है। चैती मेले की निगरानी के लिए हर जगह पोल पर करीब 80 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं एक अस्थायी चैती मेला थाना भी मेला परिसर में खोला गया है। वहीं मेले के दोनों ओर के मुख्य प्रवेश द्वारों पर वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। मेले में फोर्स की कमी को देखते हुए वॉलिंटियर तैयार किए गए हैं। इसमें एसपीओ व ग्राम चौकीदार को प्रशिक्षण दिया गया है और उनको अलग-अलग यूनिफार्म में मेले में लगाया जाएगा।

# ग्राम चकरपुर में कलश शोभायात्रा निकाली



बाजपुर के ग्राम चकरपुर में मंगल कलश शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

आस्था

- छह देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई गई
- ग्रामीण गाजे-बाजे के साथ भजन करते हुए पहुंचे

**अमृत विचार:** ग्राम चकरपुर में कलश शोभायात्रा निकालकर देवी माता के स्थान पर छह देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई गई। पिछले कई दिनों से मूर्तियों की स्थापना करने के लिए धार्मिक कर्म-कांड चल रहे थे।

मंगलवार को नवरात्र के प्रथम दिन ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से दुर्गा माता, पार्वती माता, शीतला माता, काली माता के साथ ही बाबा भैरवनाथ एवं श्री हनुमान की मूर्तियों के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली। इस दौरान ग्रामीण गाजे-बाजे के साथ भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। इस मौके पर प्रमोद कुमार यादव, परविंदर, शैलेंद्र यादव, नरेश यादव, अनिल, मेद्या, सिम्मी, सुनीता यादव, सुमन कश्यप, गंगा देवी, कविता यादव, प्रियंका, ममता पाल, राखी यादव, आदेश, अभिनव यादव आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- पहले दिन मंदिरों में हुई मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नवरात्रि के पहले मंदिरों में मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना हुई। मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना के बाद परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। सुबह से मंदिरों में घंटियों की गूंज के साथ मां के भजनों की गूंज सुनाई दी। इससे पूरा शहर मां की भक्ति में सराबोर हो गया।

मंगलवार की सुबह लोगों ने पहले घरों में पूजा अर्चना की। इसके लिए मंदिरों का रुख किया। इस दौरान शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर मां के दर्शन किए। दिनभर मंदिरों में मां के भजनों का सिलसिला जारी रहा। इसी तरह का नजारा शहर के आसपास के मंदिरों में रहा।

**देवी मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़े लोगः काशीपुरः** नवरात्र के पहले दिन शहर व गांव में देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करने लोग उमड़े। मंगलवार को नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। इसको लेकर सुबह से ही लोग मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए। वहीं बाजारों में भी पूजन का सामान खरीदने लोग पहुंचे।



रुद्रपुर के पांच मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शांतिपुरी के मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### शांतिपुरी में पहले दिन गाए माता के भजन

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी क्षेत्र में मंगलवार को नवरात्र के पहले दिन भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने मां के भजन गाए।

# कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने सज- धज कर आचार्य ललित द्विवेदी के नेतृत्व में मां दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ से भव्य कलश यात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में कथावाचक आचार्य किशोर जोशी शास्त्री के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में आचार्य ललित द्विवेदी ने पूजा-अर्चना के साथ कलश पूजन कराया गया। मुख्य यजमान मंदिर कमेटी अध्यक्ष सचिन राणा ने बताया कि बुधवार से दोपहर 1 से 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा आयोजित किया जाएगा। अनुष्ठान में राजेंद्र सिंह मेहरा, श्याम सिंह देऊपा, प्रेम सिंह कोरंगा, गोविंद सिंह चौहान, नीमा राणा, गीता बोरा, जानकी कोश्यारी, नंदी खोलिया, हंसी मेहरा, देवकी देऊपा, गीता खोलिया, कविता मेहरा, बसंती मेहता, रेनू कोश्यारी, हंसी रावत श्रद्धालु मौजूद थे।



दिनेशपुर के दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



गदरपुर में शोभा यात्रा निकालते भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाविप के कार्यकर्ताओं ने निकाली प्रभात रैली

**गदरपुर :** हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2081 के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर में प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सफेद और पीले वस्त्र पहने हुए थे। शोभा यात्रा पर जगह-जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा की। मंगलवार को भारत विकास परिषद के नगर अध्यक्ष रविंद्र बजाज एवं भारत विकास परिषद की महिला संयोजिका ज्योति ग्रोवर के नेतृत्व में नव संवत् पर शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भारत विकास परिषद के नगर अध्यक्ष बजाज ने कहा कि आज के ही दिन ब्रहमा जी ने सृष्टि की स्थापना की थी। आज के ही दिन प्रभु श्री राम एवं धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था। शोभा यात्रा आवास विकास स्थित शिव पार्वती मंदिर से प्रारंभ होकर गूलरभोज रोड, मुख्य बाजार, बुध बाजार होते हुए सनातन धर्म मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर नगर महामंत्री प्रमोद बजाज, विनीत अरोरा, कृष्ण लाल सुधा, विनोद चुघ, डॉ. सोनू विश्वास, आकाश कोचर, मनोज गुंबर, अशोक धीर, कृष्ण लाल सुधा, राजीव ग्रोवर, ज्योति ग्रोवर, मनोज डाबर, कृष्ण लाल अनेजा, प्रमोद टम्टा, नरेश हुंडिया, अभिषेक गुंबर आदि मौजूद रहे।

आयोजन

### हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर संस्कार भारती ने भगत सिंह चौक से बाटा चौक तक नवसंवत्सर रैली का आयोजन किया

# रैली निकाली, पथ संचलन किया, दीप जलाकर नवसंवत्सर का स्वागत

रुद्रपुर/बाजपुर/खटीमा/दिनेशपुर

**अमृत विचारः** हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को देखते हुए संस्कार भारती ने भगत सिंह चौक से बाटा चौक तक नवसंवत्सर रैली का आयोजन किया। साथ ही राहगीरों को केसरिया तिलक लगाया। मंगलवार को संस्कार भारती के महानगर अध्यक्ष कुशल अग्रवाल की मौजूदगी में संगठन की महिलाएं और पुरुष भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए और ढोल नगाड़ों के साथ हिंदू नव संवत्सर मनाया। साथ ही मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर विमल मेहरा, कुशल अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, युवराज रघुवंशी, प्रदीप अग्रवाल, संजय ठुकराल, कैलाश अग्रवाल, संजय ठुकराल, शैली बंसल, अंकित चांदना आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में नवसंवत्सर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में पथ संचलन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस के जिला प्रचारक सौरभ ने कहा कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्य रखने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक देशवासी में देशप्रेम की भावना जागृत हो। इस मौके पर आरएसएस के जिला संघ चालक हरीश सक्सेना, नगर संघ चालक सुशील सिंघला, खंड संघचालक संजय बंसल, नगर कार्यवाह सुरेंद्र जैन, खंड कार्यवाह कैलाश तिवारी, नगर संपर्क प्रमुख जगदीश पांडेय आदि मौजूद थे।

खटीमा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा इकाई की ओर से पथ संचलन किया। राणा प्रताप विद्यालय के सभागार में मुख्य वक्ता विभाग सह संचालक राम उजागर ने शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रमेश अग्रवाल, महेश ओली, ललित जोशी, ऋषभ, घनश्याम अग्रवाल, दान सिंह रावत, हरि नारायण अग्रवाल, बसंत जोशी, त्रिलोक जोशी, केडी भट्ट, हेमंत बसेरा, भगत सिंह बोहरा, देव सिंह आदि शामिल रहे। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में मुख्य चौक पर "दीपमाला" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष सुनिल रैदानी, सचिव नीरज रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल, हरीश जोशी, हरीश शर्मा आदि मौजूद थे।

दिनेशपुर में हिंदू रक्षा दल के नगराध्यक्ष पंकज चक्रवर्ती के नेतृत्व में सदस्यों ने 1008 दीयो को जलाकर नव वर्ष महोत्सव मनाया। व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, सीमा सरकार, विशाल मंडल, अमित गाईन मौजूद रहे।



रुद्रपुर में जागरूकता रैली निकालते संस्कार भारती के कार्यकर्ता।



खटीमा में पथ संचलन करते आरएसएस स्वयंसेवक। ● अमृत विचार



दिनेशपुर में दीप जलाते हिंदू रक्षा दल के सदस्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### एसएसटी व कुंडा पुलिस ने कार से पकड़े दो लाख रुपये

**काशीपुर :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसएसटी व कुंडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से दो लाख रुपये की नगदी बरामद की है। नगदी के साथ पकड़ा गया युवक रुपये से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा पाया। इसके बाद पुलिस टीम ने उक्त रकम को जब्त कर लिया। सोमवार की देर रात सूर्या चौकी बॉर्डर पर एसएसटी व कुंडा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार की तलाशी ली, तो कार के हैंड सेट से कुल दो लाख रुपये बरामद हुए। कार सवार युवक नकदी संबंधित कोई कागजात मौके पर नहीं दिखा पाया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सौरभ अग्रवाल निवासी मानपुर काशीपुर बताया। इसके बाद टीम ने नकदी को जब्त कर लिया।

### टक्कर मारने वाले वैन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** एक सप्ताह पूर्व चकरपुर पुलिस चौकी के सामने पूर्णागिरी मेले से आ रहे एक वैन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार को घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिलहरी चकरपुर निवासी नरेश चंद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि दो अप्रैल को शाम के समय टनकपुर की ओर से तेज गति से आ रही ओमिनी वैन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके भाई गिरीश चंद को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के रेफर कर दिया है।

# चारुबेटा और अमाऊं गांव में एक एकड़ फसल राख

## फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

अग्निकांड

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** दो अलग-अलग जगह पर लगी आग में जहां चारुबेटा में एक एकड़ गेहूं की खड़ी फसल के साथ कई एकड़ की नलई जलकर राख हो गई। वहीं अमाऊं में नलई जल गई लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम ने गेहूं की कटी फसल को आग पर काबू पाकर जलने से बचा लिया गया।

चारुबेटा गांव में कूड़े के ढेर में लगी आग पहले नलई और फिर गेहूं के खेत में लगी। इसमें एक एकड़ में गेहूं की खड़ी फसल जल गई। गांव के ग्रामीण रुस्तम सिंह राणा ने बताया कि मुकेश सिंह राणा और कमल सिंह राणा निवासी चारुबेटा की छह बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई है। इससे दोनों भाइयों का लगभग 50 हजार का गेहूं जलकर राख हो गया है। वहीं नरेश सिंह राणा निवासी चारुबेटा के खेत में भूसा बनाने वाली नलई में लगी आग से लगभग चार ट्रॉली भूसे का नुकसान हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दे दी थी परंतु ग्रामीणों की मदद से ही आज को बुझा लिया गया। ग्राम चारू बेटा में अज्ञात कारणों से लगी आग ने लगभग दो एकड़ गेहूं की फसल को स्वाहा कर दिया, ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे कूड़े के ढेर में लगाई गई आग से ही गेहूं के खेत में आग लगी है। इधर ग्राम अमाउं में गेहूं की नलई में लगी आग की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने गेहूं की कटी हुई फसल को आग की चपेट में आने से बचा लिया। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। टीम में अग्निशमन अधिकारी सुभाष जोशी, कमल सामंत, जीवन बिष्ट, दिनेश कापड़ी, अमित, विक्रम, रेनू, आशा भट्ट आदि थे।



खटीमा के चारुबेटा गांव में जलती फसल को बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण।

# विवाहिता की आत्महत्या या हत्या में उलझी पुलिस

संवाददाता, दिनेशपुर

- मृतका का 30 घंटे बाद हुआ दाह संस्कार
- पिता ने थाने में पति सहित परिजनों पर लगाए आरोप

**अमृत विचारः** विवाहिता ने गृह कलह के चलते हुए मौत के बाद मृतका के पिता द्वारा तहरीर देने के बाद पुलिस आत्महत्या या हत्या में उलझ गई है। पुलिस को विवेचना व पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। इधर मायके वालों ने 30 घंटे बाद दाह संस्कार करवाया।

सोमवार को पूजा हालदार (27) पत्नी नरेंद्र हालदार निवासी वार्ड-आठ ने घर में फांसी लगा ली थी। मंगलवार को मृतका के पिता ऋषिपाल निवासी- बादशाहपुर (हरिद्वार) ने तहरीर देकर पति व परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस व गणमान्य लोगों के समझाने के बाद मायके वालों ने शव का 30 घंटे बाद अंतिम संस्कार करने दिया। घटना की विवेचना एसआई प्रदीप भट्ट कर रहे हैं। पुलिस को विवेचना व पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। फिलहाल पुलिस ने मृतका के पति नरेंद्र हालदार को हिरासत में ले लिया है। वार्ड-8 निवास नरेंद्र हालदार का प्रेम विवाह हरिद्वार से 7 वर्ष पूर्व पूजा से हुआ था। मृतका का 6 वर्ष का एक मासूम पुत्र भी है। जबकि आसपास के लोगों ने पति- पत्नी में अक्सर झगड़ते रहने की बात पुलिस को बताई है।

### दो युवकों पर मारपीट व सोने की चेन लूटने का आरोप

**काशीपुर :** एक व्यापारी पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर दो लोगों पर मारपीट व सोने की चेन लूटने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मेन बाजार, काशीपुर निवासी दीपांशु अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की रात करीब 10 बजे वह अपनी कार से पारिवारिक सदस्य के साथ कुंडेश्वरी से काशीपुर की तरफ आ रहा था। तभी आईआईएम के पास सड़क पर ही उनकी कार को रोककर कार सवार दो युवक गाली गलौच करने लगे। आरोप है कि एक युवक ने पीड़ित को थप्पड़ मारा और उसके गले में पड़ी सोने की चेन ले ली। इसके बाद धमकी देते हुए वे कार से भाग गए। उसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर अनुसार जांच की जा रही है। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर मारपीट व सोने की चेन लूटने का आरोप भी लगाया है। जांच के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप




सरस्वती एकेडमी में नवागंतुक बच्चों का वेलकम करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### सरस्वती एकेडमी में वेलकम सेरेमनी की धूम

**खटीमा :** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में नवरात्रि के प्रथम दिवस पर विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों और अभिभावकों की वेलकम सेरेमनी की गई। विद्यालय में सर्वप्रथम मां सरस्वती व मां दुर्गा की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। चेयरपर्सन ज्योति पाल ने अभिभावकों को नवरात्र के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। अंत में चेयरपर्सन पाल, प्रबंधक राजेश पाल, प्रशासिका विनीता चंद, प्रधानाचार्य रामयश ने बच्चों को कॉपी, किताब, बैग व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### 11 साल का एहसान रख रहा पूरे रोजे



**काशीपुर :** रमजान के महीने में बच्चे भी रोजा रखने व इबादत करने में किसी बड़े बुजुर्ग से पीछे नहीं है। 11 साल का एहसान पिछले चार सालों से रोजे रख रहा है। वह पांचों वक्त की नमाज के साथ पूरी पाबंदी से तरावीह भी अदा कर रहा है। बांसफोड़ान निवासी इदरीश माहीगीर का 11 वर्ष का बेटा एहसान माहीगीर लाल बहादुर शास्त्री प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र है। इसके साथ ही वह दीनी तालीम भी हासिल कर रहा है। एहसान ने सात साल की उम्र से ही रोजे रखने शुरु कर दिए थे। पहले, दूसरे और तीसरे साल उसने सात से लेकर पंद्रह रोजे तक रखे, लेकिन इस साल वह पूरे तीस रोजे रख रहा है।

### चेकपोस्ट कर्मी को घायल करने वाला चालक गिरफ्तार

**खटीमा :** पुलिस ने कैलाश रिवर बेड मिनरल्स कुटरी चेकपोस्ट चकरपुर के कर्मचारी पर जान से मारने की नीयत से वाहन चढ़ाकर गंभीर रूप से घायल करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चेकपोस्ट के सुपरवाइजर कल्याण कला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि छह अप्रैल को सुबह 5 .45 बजे बैरियर पर चेकिंग के लिए रोके जाने पर चालक खनन सामग्री से भरा डंपर भगा ले गया। पीछा करने पर डंपर चालक ने जान से मारने की नीयत से कर्मचारी शशांक त्रिवेदी के ऊपर टायर चढ़ा घायल कर दिया। बाइक पर पीछे बैठे आर्कश ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद बीते दिवस वाहन चालक रामतरण निवासी ताज होटल के पीछे टनकपुर चंपावत निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।




स्कॉलर्स वैली स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### स्कॉलर्स वैली स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक

**सितारगंज :** सेवा संकल्प एवं आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर और प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। उजास कार्यक्रम के अंतर्गत "मासिकधर्म एवं स्वास्थ्य संबंधित" और मिथक को दूर करने के लिए छात्राओं, उनकी माताओं और शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर उत्तम तिवारी ने किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य सीमा जोशी, सचिव सुखप्रीत कौर, सुखवंत कौर, गीता तिवारी, अनुपमा दुबे, मनीषा रावत, पूजा जोशी, एकता रौनक, सिमरन आदि मौजूद रहे।




किच्छा में फीता काटकर उद्घाटन करते प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोंटेरो।

### सेंट पीटर स्कूल में एसपीएस फ्यूजन क्लब का उद्घाटन

**किच्छा :** सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एसपीएस फ्यूजन क्लब का प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोंटेरो ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान तमाम छात्र-छात्राओं ने खेलकूद एवं नृत्य संगीत प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। इस मौके पर पीटीआई संजय नेगी, हंसराज उपाध्याय, प्रमिला, राज अरोरा, एलन बर्नाड, प्रियंका रावत आदि मौजूद रहे।

### डॉ. अशोक कुमार का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन



**रुद्रपुर :** एसबीएस महाविद्यालय रुद्रपुर के वाणिज्य विभाग के डॉ. अशोक कुमार का लोक सेवा आयोग उत्तराखंड में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। तराई विहार फाजलपुर महरौला निवासी डॉ. कुमार ने आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य की परीक्षा में प्रथम रैंक प्राप्त की है। डॉ. कुमार ने प्रो .पीसी सुयाल के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया है। वर्तमान में डॉ. कुमार कोषागार नैनीताल में सहायक लेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और साथियों को दिया है।



जसपुर में जनसंपर्क करतीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

### जसपुर में भाजपाइयों ने किया जनसंपर्क

**जसपुर :** भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकत्रियों ने मंडल अध्यक्ष उमा बिश्नोई के नेतृत्व में 400 के पार नारे के साथ पुरानी सब्जी मंडी चौक, मोहल्ला चौहनान, ठाकुर मंदिर, मोहल्ला नत्था सिंह समेत अन्य क्षेत्र में घर- घर जाकर लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वोट मांगे। इस अवसर पर मोहिनी शर्मा, वीना नागर, ममता शर्मा, अनीता पवार, सुधा गोस्वामी, सुमन, सुनीता, अनुराधा, मुन्नी देवी, राधा, शीला, संतोष, ज्योति कश्यप, कमलेश जोशी आदि मौजूद रहे ।

# हृदय गति रुकने से रेलवे कर्मी की मौत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** रेलवे में की-मैन की पोस्ट पर तैनात एक कर्मचारी की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।



वाहिद अली।

बंभुआ जिला गोंडा उत्तर प्रदेश निवासी बाहिद अली (42) पुत्र अब्दुल गनी खटीमा रेलवे कॉलोनी में पिछले 18 साल से सपरिवार रहकर रेलवे में की-मैन के पद पर नौकरी कर रहा था। सोमवार देर शाम उसके सीने में दर्द हुआ तो उसे तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया। इधर जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन गोंडा से भी यहां पहुंच गए। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी आलीमा, तीन पुत्रियां अंजुम, तबस्सुम, तरन्नुम और दो पुत्र साहिल और सौफित को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# कार में शराब की तस्करी करता युवक पकड़ा

कार्रवाई

- दूसरा हुआ फरार, बेचने की थी तैयारी, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आदर्श आचार संहिता के दौरान जिला आबकारी की टीम ने कार से शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पांच पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर कार को सीज कर दिया और आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि दक्ष चौराहे पर कार से अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर आबकारी निरीक्षक महेंद्र बिष्ट टीम के साथ दक्ष चौराहे पहुंचे और चेकिंग शुरू की। इसी दौरान सामने से कार संख्या यूके-06 डब्ल्यू-5635 को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक भागने लगा। टीम ने पीछा कर कार को रोक दिया और तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में 90 पव्वे आर एस, 90 पव्वे इंपीरियल ब्लू 48 पव्वे मैकडॉवेल बरामद की। इसकी कीमत 44 हजार रुपये आंकी गई है।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पुरानी गल्ला मंडी किच्छा निवासी योगेश चंद्र बताया और फरार आरोपी का नाम धौलाखेड़ा हल्द्वानी निवासी हीरा सिंह बताया। टीम ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।




अंग्रेजी शराब और आरोपी के साथ आबकारी की टीम। ● अमृत विचार

### 68 लीटर कच्ची शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

**बाजपुर :** बरहैनी व बेरिया दौलत चौकी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 68 लीटर कच्ची शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपना नाम ग्राम सेमल हरसान निवासी राजू और ग्राम महोली जंगल निवासी राजेंद्र सिंह बताया है।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, गदरपुर/जसपुर

**अमृत विचारः** ईद के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाने में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीओ एआर आर्य ने कहा कि ने सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह न फैलाएं। पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग कर रही है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने की। बैठक में नगरपालिका के कर्मचारियों से नगर में आवारा घूम रहे जानवरों पर तुरंत रोक लगाए जाने की बात कही गई। बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस और व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दीपक बेहड़, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली, शराफत अली मंसूरी, पंकज सेतिया आदि मौजूद थे।

जसपुर में ईद के पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।



गदरपुर थाने में ईद को शांतिपूर्वक मनाने के लिए बैठक लेते सीओ एआर आर्य।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं

**बाजपुर :** ईद-उल फितर का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें पर्व को मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही गई। मंगलवार की शाम कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक में कोतवाल मनोज रतूड़ी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दिया जाए। नगरपालिका के बड़े बाबू राजू पांडेय ने साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने का भरोसा दिया। इस मौके पर नगरपालिका के सीताराम तिवारी, वार्ड सभासद मो .आसिफ, लियाकत अली, साबिर हुसैन, जाकिर बाबा, मुर्तजा, मो .हनीफ, मतलूब, अमीर अहमद, सिंह स्वरूप भारती, रामअवतार यादव मौजूद रहे।

# सूरजमल कॉलेज की 12 छात्राओं का चयन



किच्छा में छात्राओं के साथ नई दिल्ली से आया प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** सूरजमल अग्रवाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित कैंपस सलेक्शन शिविर में 12 छात्राओं का चयन होने से छात्राओं में खुशी है।

कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूट (नई दिल्ली) से आए मेडिकल डायरेक्टर प्रतिनिधि डॉ. नीलम सेतिया एवं नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मिस ईस्टर रानी ने छात्राओं से वार्ता की। कैंपस सलेक्शन कैंप में इंटरव्यू के उपरांत अंतिम रूप से 12 छात्राओं को नर्सिंग जॉब के लिए प्लेसमेंट प्रदान किया गया। इस मौके पर डॉ. नीलम सेतिया, ट्रस्टी सचिव एसएन शर्मा ने कहा कि छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

चुनावी प्रचार

फुलसुंगा में आयोजित जनसभा को कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने किया संबोधित

# भाजपा नेताओं के कोरे वादों से जनता परेशान : जोशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में ट्रांजिट कैंप के वार्ड एक फुलसुंगा स्थित तीनपानी डाम में जनसभा आयोजित हुई। इसके बाद रोड शो भी निकाला गया।

मंगलवार को कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि भाजपा नेताओं के कोरे वादों से अब आम जनता ऊब चुकी है। लोगों के बीच भाजपा का असली चेहरा लोगों के सामने आ चुका है।

किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि क्षेत्र पिछले दस वर्षों से विकास के लिए तड़प रहा था। भाजपा विधायक ने यहां के विकास के लिए कोई सुध नहीं ली। जिसका खामियाजा उन्हें हार के रूप में भुगतना पड़ा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, रामसिंह, रविन्द्र सिंह, संजय सिंह, रामस्नेही, अशोक कुमार, गोबिंद सिंह मौजूद रहे।




जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी। ● अमृत विचार

### उदासीन रहा भाजपा प्रत्याशी का कार्यकालः जोशी

**रुद्रपुर :** कांग्रेस के नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का पांच साल का कार्यकाल निष्क्रिय और उदासीन रहा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री होते हुए भी केंद्र की कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतरी और करोड़ों की सांसद निधि वापस चली गयी। इसके अलावा अग्निवीर योजना का कोई विरोध नहीं करके भाजपा प्रत्याशी ने पर्वतीय युवाओं का भविष्य अधर में लटका दिया है। इस अवसर पर जसपुर विधायक आदेश चौहान, जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क, हरीश पनेरू, डॉ. गणेश उपाध्याय, शिल्पी अरोरा, सौरभ चिलाना, संदीप चीमा, सीपी शर्मा, फरीद अहमद मंसूरी आदि मौजूद रहे।

### बेरोजगारी बढ़ने से युवा कर रहे पलायन : जोशी

**दिनेशपुर :** कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने क्षेत्र का तूफानी दौरा कर नुक्कड़ सभाएं कीं। मंगलवार को आनंदखेड़ा व शिवपुर में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार न मिलने से वे पलायन कर रहे हैं। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, संदीप चीमा आदि मौजूद रहे।

### बेहड़ ने कीं सभाएं

**किच्छा :** कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी को आप का समर्थन

**बाजपुरः** नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर आईएनडीआईए गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस के प्रकाश जोशी को आम आदमी पार्टी ने भी अपना समर्थन दिया है। इस दौरान भोना-बिराहा रोड पर स्थित प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस व आप ने डोर-टू डोर दस्तक देकर वोट मांगने की सहमति बनाई।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, आप नेत्री सुनीता टम्टा बाजवा, आप नेता जगतार सिंह बाजवा, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, कांग्रेस के पूर्व जितेंद्र शर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी (काशीपुर) व जसपाल सिंह (रुद्रपुर) आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### द्वाराहाट के पनेर गांव में मकान में लगी आग

**अल्मोड़ा :** सोमवार रात द्वाराहाट के पनेर गांव निवासी मदन राम पुत्र पिरराम अपने परिवार के साथ अपने दोमंजिले में सो रहे थे। रात में अचानक उनके बगल वाले कमरे से आग की लपटें और धुंआ उठने लगा। कमरे में आग देख मदन और उसके परिवार के सदस्य बाहर की ओर भागे और गांव वालों को मदद के लिए आवाज लगाई। लेकिन जब तक आग बुझाने के प्रयास हो पाते, तब तक आग ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया था। मदन राम ने बताया कि उसके घर का सभी सामान व बच्चों के सर्टिफिकेट भी आग की भेंट चढ़ गए। मंगलवार को ग्राम प्रधान हेमा देवी ने घटना की जानकारी राजस्व विभाग को दी है।

### सराईखेत क्षेत्र के जंगलों में आग से वन संपदा राख

**अल्मोड़ा :** जिले के सल्ट और स्याल्दे विकास खंड से लगे सराईखेत क्षेत्र के जंगलों में आग धधकने लगी है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र के जैराज, मंगरोखाल, ईखूखेत, सराईखेत समेत आसपास भीषण आग लगी है। जिससे चारों ओर धुंध सी छा गई है। आग से लाखों की वन संपदा भी राख हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दावाग्नि की सूचना वन विभाग को दी गई थी। लेकिन कोई आग बुझाने नहीं पहुंचा। सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र नेगी ने मंगलवार को इस संबंध में वन विभाग के जिला स्तर के अधिकारियों से वार्ता की आग बुझाने के लिए कार्रवाई करने की मांग भी की।

### दो लोगों से 1.41 लाख रुपये बरामद, बाइक सीज

**बनबसा :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो अलग- अलग मामलों में दो व्यक्तियों से 1 लाख 41 हजार रुपये की धनराशि बरामद की है। पुलिस ने बाइक चालक मो. नाजिम निवासी पूरनपुर जिला पीलीभीत से 81 हजार रुपये तथा दूसरे मामले में बाइक चालक अता हुसैन निवासी खटीमा से 60 हजार रुपये की नगदी जब्त कर दोनों की बाइक को सीज किया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र सिंह बिष्ट, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

### आधी रात तक गड़गड़ाते रहे विमान, सकते में लोग

**अल्मोड़ा :** पिछले दो दिनों से चौखुटिया और सल्ट समेत अनेक इलाकों में रात के समय आसमान में तेज आवाज के साथ विमानों के उड़ने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सकते में आ गए। इस दौरान कई लोग घरों से बाहर निकल आए। अगले दिन जानकारी जुटाई तो पता चला कि आसमान में रात्रि के समय गड़गड़ाने वाले विमान एयर फोर्स के लड़ाकू विमान हैं और इन दिनों सैन्य अभ्यास पर हैं। पता चला कि इन दिनों वायु सेना का उत्तरकाशी के चिन्यालीसौंण में अभ्यास चल रहा है।

### पशु बलि रोकने को पुलिस तैनात करने की मांग

**अल्मोड़ा :** गायत्री परिवार अल्मोड़ा द्वारा चैत्र नवरात्र के मौके पर चितई गोलू देवता व गैराड़ समेत जिले के अधिकांश मंदिरों में पशु बलि प्रथा को रोके जाने की मांग की है। इस संबंध में संगठन का एक शिष्टमंडल एसएसपी देवेंद्र पींचा से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गायत्री परिवार के सदस्यों ने कहा है कि वह पशु बलि की कुप्रथा का विरोध लंबे समय से कर रहे हैं। नवरात्र में चितई गोलू देवता और गैराड़ सहित अन्य मंदिरों पशु की बलि होती है जो अपराध है। संगठन ने पुलिस से इस कुप्रथा को रोकने में सहयोग देने की मांग उठाई। ज्ञापन में मंजू जोशी, मोहन चंद्र जोशी, योगेंद्र कुमार जोशी, डा. जेसी दुर्गापाल, गीता जोशी, मंजू बोरा, बलवंत कुमार मौजूद रहे।

# 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन

## नवरात्र के पहले दिन उमड़े हजारों श्रद्धालु, माता के दर्शन को कतार में खड़े होकर घंटों करना पड़ा इंतजार, एसपी ने मेले की व्यवस्थाओं का लिया जाएगा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पहले दिन सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पहले दिन 50 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरि धाम में शीश नवाकर मन्नत मांगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पूर्णागिरि क्षेत्र में जाकर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चैत्र नवरात्र पर्व को देखते हुए सोमवार रात्रि से मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

मंगलवार सुबह एकाएक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़े वाहनों के एकाएक मेला क्षेत्र में पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ-साथ एसएसबी की टीम को व्यवस्थाओं को संचालित करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। बड़े वाहनों को पूर्णागिरि मार्ग में बने पार्किंग स्थल के साथ ही अन्य स्थानों पर भी रोकना पड़ा। वहीं मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन को भैरव मंदिर से मुख्य मंदिर तक जगह-जगह बैरिकेटिंग लगाकर रोकना पड़ा। इस दौरान श्रद्धालुओं को मां पूर्णागिरि धाम तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालु परिवहन निगम की बसों, ट्रेन, चार्टर बसों, निजी वाहनों, दुपहिया वाहनों, साइकिलों और पैदल भी मां के डोलों के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में लगाए गए भंडारे से भी श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। चैत्र नवरात्र और अन्य दिनों में भी यहां पर तमाम भक्तगणों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कालिका मंदिर पूर्णागिरि मेला क्षेत्र तक मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को फल वितरित किए।

साथ ही मेला ड्यूटी में लगे पुलिस और एसएसबी के जवानों को पानी और शरबत भी पिलाया। टनकपुर के शारदा घाट में भी भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। यहां नगर पालिका द्वारा श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इधर पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्र नगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी पहले नवरात्रि में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे। मान्यता है कि मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के बाद सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन करने के बाद ही धार्मिक यात्रा सफल मानी जाती है।


मां पूर्णागिरि धाम के पास दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार


भैरव मंदिर के पास कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मंदिर में स्थित मां पूर्णागिरि की प्रतिमा।

# पूर्णागिरि मार्ग पर पटरी पर नहीं आई यातायात व्यवस्था

- ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटना का खतरा
- शॉर्टकट मार्ग से आ रहे श्रद्धालु मौत को दे रहे दावत

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर

**अमृत विचार :** एक ओर जहां पूर्णागिरि मेले में इस समय सुरक्षा, पानी, बिजली, सफाई, इंटरकॉम आदि व्यवस्थाएं बेहतर बनी हुई हैं लेकिन मेला शुरू होने के बाद से अभी तक पूर्णागिरि मार्ग की यातायात व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पाई है।

पूर्णागिरि मार्ग में श्रद्धालुओं को जहां वाहनों में ओवरलोड भरा जा रहा है वहीं तेज रफ्तार से कभी भी यहां दुर्घटना घट सकती है। लेकिन इस ओर पुलिस प्रशासन के साथ ही संभागीय परिवहन विभाग भी अनदेखी कर रहा है। टनकपुर से ठुलीगाड़ तक प्राइवेट टैक्सियां और बसें खासकर रात्रि के समय ओवरलोड के साथ तेज गति से दौड़ रही हैं।

वहीं जिला पंचायत द्वारा ठुलीगाड़ भैरव मंदिर मोटर मार्ग में निर्धारित की गईं संख्या से ज्यादा वाहन संचालित हो रही है। इस मोटर मार्ग में ज्यादातर पैदल श्रद्धालुओं की भी आवाजाही रहती है। ऐसी स्थिति में तेज गति से चल रहे वाहनों से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। अभी कुछ दिन पहले ही इस मार्ग में एक वाहन के चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गई थी।

साथ ही इसी मोटर मार्ग में जिला पंचायत द्वारा शॉर्टकट मार्ग में लगाए गए टीन के अवरोधक के बाद भी श्रद्धालु यहां से आ जा रहे हैं।

इन स्थानों पर सुरक्षा कर्मचारियों की कोई व्यवस्था न होने के कारण कभी भी यहां बड़ा हादसा घट सकता है।

### स्वास्थ्य केंद्र अन्यत्र ले जाने से हो रही दिक्कतें

**टनकपुर :** भैरव मंदिर में हर वर्ष पूर्णागिरि मेले के दौरान मुख्य मार्ग में लगने वाला स्वास्थ्य केंद्र अन्यत्र खोले जाने से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को चोट लगने या अन्य दिक्कत होने पर उन्हें काफी असुविधा हो रही है। इधर मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग से पुराने स्थल पर ही स्वास्थ्य केंद्र लगाने की मांग उठाई है।

## नव संवत्सर और चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**अल्मोड़ा :** मंगलवार को कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र का शुभारंभ हो गया है। नवरात्र के पहले दिन जिले भर के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी मंदिरों में जहां श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें दिखाई दी। वहीं कई लोगों ने अपने घरों के मंदिरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना की। नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को सुबह से ही नगर के नंदादेवी मंदिर, उल्का मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, बद्रेश्वर मंदिर, रघुनाथ मंदिर, स्याही देवी, दूनागिरी, कसारदेवी, बानड़ीदेवी, मानिला देवी समेत जिले भर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ दिखाई दी। श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए लाइनों में खड़े दिखाई दिए। सभी श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा कर सुख और समृद्धि की कामना की। इधर नवरात्र और नवसंवत्सर के मौके पर अल्मोड़ा में हिंदू सेवा समिति द्वारा नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन भी किया। । सांस्कृतिक शोभा यात्रा पलटन बाजार स्थित सिद्ध नौला से शुरू होकर थाना बाजार, गंगोला मोहल्ला, जौहरी बाजार, हुक्का क्लब, रघुनाथ मंदिर, कहचरी बाजार, चौक बाजार, लाला बाजार होते हुए नंदादेवी मंदिर परिसर पहुंची। नंदा देवी मंदिर में स्थानीय कलाकारों व महिलाओं ने मंदिर में झोड़ा गायन भी किया।


अल्मोड़ा में शोभा यात्रा निकालते हिंदू सेवा समिति के सदस्य व स्थानीय लोग।

# भाजपा हुई कांग्रेस युक्त : महरा

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए कर रही सरकार

संवाददाता रानीखेत

**अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा ने भाजपा को आडे.हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की सत्ता में बैठी सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों के हाथों में खेल रही है। भाजपा ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का इस्तेमाल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए कर रही है। कांग्रेस व अन्य दलों के लोग इन संस्थानों से डरकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

कहा कि कांग्रेस मुक्त का नारा देने वाली भाजपा आज पूरी तरह कांग्रेस युक्त हो चुकी है। मंगलवार को प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा ने कहा कि भाजपा सरकार बड़े-बड़े औद्योगिक संस्थानों व सरकारी संपत्तियों को अपने पूंजीपति साथियों के हाथों में कौड़ियों के भाव बेच रही है। रोजगार के अवसर खत्म किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार ने सेना में अग्निवीर योजना लागू कर सेना को कमजोर करने के साथ ही पहाड़ के युवाओं को पारंपरिक रोजगार से भी वंचित कर दिया है। महरा ने कहा कि राज्य में महिलाओं की कोई सुरक्षा नहीं है। अंकिता भंडारी व पिंकी हत्याकांड, मनाली हत्याकांड, ममता जोशी बहुगुणा अपहरण एवं हत्या जैसे अपराधों की घटनाएं इसका उदाहरण है। कांग्रेस अध्यक्ष महरा ने कहा कि उत्तराखंड में पांचों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी भाजपा पर भारी पड़ रहे हैं। निश्चित तौर पर पांचों सीटों पर कांग्रेस की जीत होगी।


रानीखेत में पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा। ● अमृत विचार

### नशेड़ी चुनाव कर्मी ने प्रशिक्षण के दौरान काटा हुड़दंग, कोतवाली में दी गई तहरीर

**चम्पावत :** लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान एक कर्मी ने मंगलवार को चम्पावत जीजीआईसी में जमकर हंगामा काटा। मेडिकल के लिए ले जाने से पूर्व नशेड़ी कर्मी भाग गया। मुख्य शिक्षाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बयाया कि शराब पीकर प्रशिक्षण में व्यवधान करने वाले जीआईसी धूनाघाट के वरिष्ठ सहायक जीवननाथ महंत के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है। चम्पावत जीजीआईसी के सभागार में चौथे दिन मंगलवार को पीठासीन अधिकारी और मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण चल रहा था। इसी दौरान नशे में एक कर्मी ने जमकर हंगामा कांटा। सीईओ ने बताया कि आरोपी कर्मी ने प्रशिक्षण के दौरान बेवजह शोर मचाया। साथ ही कक्ष से बाहर करने पर दरवाजा पीटने लगा। इस संबंध में चम्पावत कोतवाली में तहरीर दी गई है। वहीं कोतवाल योगेश उपाध्याय का कहना है कि मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अगनेरी मंदिर में भटकोट थोक को सौंपा मां का डोला

**अल्मोड़ा :** नवरात्र और नवसंवत्सर के मौके पर जिले के चौखुटिया में कुमाऊं के प्रसिद्ध चैत्रास्टमी मेले का आगाज भी हो गया है।

नवरात्र के पहले दिन मां का डोला ढोल नगाड़ों और जयकारों के बीच अगनेरी मंदिर में पहुंचा। जहां मंदिर के पुजारियों की मौजूदगी में इस बार मां का डोला भटकोट गांव के थोकदारों को सौंपा गया। 16 अप्रैल को अष्टमी के दिन यहां मुख्य मेले का आयोजन किया जाएगा और नारियल तोड़कर मेले की मुख्य रस्म पूरी की जाएगी। नवरात्र के पहले दिन भटकोट समेत आसपास के क्षेत्रों में स्थित गांवों के लोग पारंपरिक वेशभूषा मां के जयकारे लगाते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। पूजा अर्चना के बाद पुजारियों की मौजूदगी में मां का डोला भटकोट गांव के थोकदारों को सौंप दिया गया। पुजारियों ने बताया कि परंपरा के अनुसार अगले वर्ष के लिए मां का डोला उड़लीखान गांव के थोकदारों को सौंपा जाएगा। इधर नवरात्र पर अगनेरी मंदिर समेत क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में भी दिन भर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।

## वर्ग पहेली-35

**बाएं से दाएं**

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

**ऊपर से नीचे**

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | ■ | |
| | ■ | 5 | | | ■ | |
| ■ | 6 | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 7 | | | ■ | 8 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 9 | | | | ■ | 10 | |

### वर्ग पहेली -34 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अं | ■ | 2 म | ति | ■ |
| 3 उ | प | धा | नी | ■ | ■ | 4 वा |
| ■ | ■ | धुं | ■ | 5 सु | रा | ही |
| ■ | 6 धुं | ध | 7 का | र | ■ | ■ |
| 8 से | ■ | ■ | 9 ला | सा | ■ | 10 गु |
| ब | ■ | ■ | प | ■ | ■ | ड़ी |
| ■ | 11 पि | स | न | हा | री | ■ |

## सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | | 5 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 4 | | | 2 | | | | |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 7 | 2 | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू -113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17 .32 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग

गु. चं. 1 | बु. | मं. श. 11 | 10
2 | शु. सू. रा. 12 | 3 | 9
6 | 4 | के. | 8 | 5 | 7

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।

**वृष** – आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।

**मिथुन** – आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

**कर्क** – आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।

**सिंह** – आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।

**कन्या** – आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।

**तुला** – आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

**वृश्चिक** – आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।

**धनु** – आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

**मकर** – आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।

**मीन** – आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U Movies
जुआरी – सुबह : 10 .53
बादशाह – रात : 07 .01

&pictures
सैंडविच – सुबह : 10 .43
प्लेयर्स – शाम : 04 .22

Sony Pix
एनाकोंडा – सुबह : 09 .44
बैड बॉयज़ ll – रात : 09 .00

Zee Cinema
बाम्बे टू बैंकॉक – सुबह : 10 .15
दीवार – रात : 07 .05

StarGold Select
छपाक – सुबह : 10 .15
वीरे की वेडिंग – रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स परसुबह : 10 .43 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड – जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
ब्वॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा – अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड – हां, अब बिल्कुल सही हो गया।
पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए – लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक : पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजनः ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

## संपादकीय

# मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# ईद, सीईए और बदला हुआ शाहीन बाग



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा, पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं, पर इस बार मुद्दा ईडी, सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है, जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए, एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ, रैलियां, सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था, बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम, 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है, क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है, जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं, पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है, समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

## प्रसंगवश


# चर्चित समय का इतिहास



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल, म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है, जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी, हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई, पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं, वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है, जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

# लोक, जनसभा, रैली और भीड़



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है, जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है, उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती, भीड़ तालियां बजा सकती है, जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है, लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का, मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है, नारे लगाता है, भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं, किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है, जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है, एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है, भागो और भगदड़ मच गई, दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है, लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है, तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं, असहनशीलता का विस्फोट होना, उत्तरदायित्व का अभाव, सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति, असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है, भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं, भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है, क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा, पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है, इसको कई दशक हो चुके हैं, हां, अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

## सोशल फोरम

# जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन, मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश, जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है, वहां मानव ही पूंजी है, मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है, पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं, उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी, पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं, पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त, पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं, डिग्री है, मोबाइल है, खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है, चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं, उसके बाप की हालत देखकर लगता है, इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में, प्रेम करके छिपाने में, घूस लेकर छिपाने में, बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है, बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

-फेसबुक वॉल से

# मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू



डॉ. पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना, विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है, परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म, धूल भरी, उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है, परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है, परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं, यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवंतु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, अधर्म का नाश, धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है, परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अतः पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

# शिव भी निःशक्त हैं जिनके बिना



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं, वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं, जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं, "शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली, उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली, अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलैक्य में सर्वोपरि बताया, तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं, जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप, भेद, वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती, सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्रीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं।वे हैं, ब्राह्मी, वैष्णवी, माहेश्वरी, ऐन्द्री, कौमारी, वाराही, चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई, तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं, मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मूझ में प्रविष्ट हो रही हैं'। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।


# किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना


मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचारः** नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।


## पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना


- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका












### विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | पुरुष | महिलाएं | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| नजीबाबाद | 186699 | 165469 | 19 | 352187 |
| नगीना (सु.) | 185663 | 164416 | 12 | 350091 |
| धामपुर | 161460 | 142520 | 18 | 303998 |
| नहटौर (सु.) | 162497 | 144680 | 04 | 307181 |
| नूरपुर | 172951 | 151912 | 09 | 324872 |

### पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

## प्रत्याशी प्रोफाइल

### ओम कुमार – भाजपा




भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



### चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित–वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।



### सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

### मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी



सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।



**लोकतंत्र का पर्व** लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता खूब मेहनत कर रहे हैं। देहरादून में महिला कार्यकर्ताओं ने हथेली पर पार्टी मेहंदी से कमल का निशान बनवाया।

## महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो

**नागपुर।** नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।



- नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।



**मांगा समर्थन** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

## अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान

**पीलीभीत ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।



अखिलेश यादव ।

## बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी

**नई दिल्ली।** केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।



अनिल एंटनी।



एके एंटनी।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।

**दलित वोट बैंक** 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

# भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

महेश शर्मा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।



वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

### लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन

| वर्ष | भाजपा | बसपा | सपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | 03 | 05 | 07 | 01 | 01 |
| 200 | 02 | 02 | 10 | 02 | 01 |
| 2014 | 17 | -- | -- | -- | -- |
| 2019 | 15 | 02 | -- | -- | -- |

### विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

### इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी

- सोनभद्र –41.92, कौशांबी –36.10, सीतापुर –31.87, हरदोई– 31.36, उन्नाव –30.64, रायबरेली –29.83, झांसी –28.07, औरैया –27.69, जालौन –27.04, बाराबंकी –26.89

### ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबट्र्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
**चन्दौसी**- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

## हल्द्वानी मंडी

**चावल:** शरबती- 70 मसूरी- 45 बासमती- 103 दाल दलहन: काला चना- 72 साबुत चना दाल- 70-75 मूंग साबुत- 110-120 राजमा- 132 दाल उड़द- 108 साबुत मसूर दाल- 70-75 मसूर दाल- 80-85 उड़द साबुत- 115-125 काबुली चना- 125 अरहर दाल- 135 लोबिया/ करमानी- 110 सोयाबीन- 50 मूंगफली- 73 मटर (सूखी)- 60 मक्का- 19

# जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

## राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थडंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

- सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला




### 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73 .6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74 .3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16 .2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

# 240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।



- दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

### वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

### कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32 .24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18 .91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

"आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक, सीईओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मुश्किलों में घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरिंदर चावला ने इस्तीफा दे दिया है। चावला ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) आरबीआई की सख्त कार्रवाई का सामना कर रही है।

पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को इस इस्तीफे की सूचना दी। कंपनी ने कहा, चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर की संभावनाएं तलाशने के लिए आठ अप्रैल को इस्तीफा दे दिया। उन्हें 26 जून को कामकाजी घंटों के बाद पीपीबीएल से मुक्त कर दिया जाएगा, बशर्ते आपसी सहमति से कोई बदलाव न हो। चावला पिछले साल जनवरी में ही पीपीबीएल से जुड़े थे।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 84,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 793 (अनुमानित) |

## मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

- समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

## सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

## विनिर्माण कंपनियों का सर्वे आरबीआई ने किया शुरू

**मुंबई।** आरबीआई ने विनिर्माण कंपनियों के तिमाही ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे का अगला दौर शुरू किया है। इस सर्वे से केंद्रीय बैंक को अपनी मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलती है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सर्वे का 65वां दौर जनवरी-मार्च, 2024 (2023-24 की चौथी तिमाही) के लिए है। रिजर्व बैंक 2008 से तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे आयोजित कर रहा है। सर्वे में जुटाई जानकारी में में मिले नए ऑर्डर, मौजूद ऑर्डर और तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर के आंकड़े हैं।

## जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियल: जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।

# राष्ट्रीय

# प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

## भूपतिनगर मामल: प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।



- ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

### एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

**कोलकाता।** प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

## द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

**चेन्नई।** ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

# टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।




### टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

## एक नजर

### नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

### लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

# कांग्रेस नेता सुरजेवाला को निर्वाचन आयोग का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को अभिनेत्री से नेता बनीं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ उनकी कथित अमर्यादित टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। दोनों नेताओं को निर्वाचन आयोग को जवाब देने को कहा गया है।

सुरजेवाला से 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने को कहा गया है, जबकि खरगे को अगले दिन शाम तक का वक्त दिया गया है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने पिछले महीने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा किया और कांग्रेस नेता सुरजेवाला पर मथुरा सीट से पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी के खिलाफ 'अपमानजनक और महिला विरोधी' टिप्पणी करने का आरोप लगाया। बाद में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सुरजेवाला के खिलाफ शिकायत की थी। हालांकि, सुरजेवाला ने दावा किया था कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ ने झूठ फैलाने के लिए अभिनेत्री हेमा मालिनी से संबंधित टिप्पणी वाले उनके वीडियो में काट-छांट की। उन्होंने यह भी कहा था कि वह लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी का सम्मान करते हैं।



- सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी करने का मामला
- 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने का निर्देश

## मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

**चेन्नई।** द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

## भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

## हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।



# चुनाव लड़ने वाले के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।



किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।

गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 05 | 191 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 05 | 186 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.344 |
| पंजाब किंग्स | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.196 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −1.370 |

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

**जयपुर, एजेंसी**

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच जीता लेकिन पंजाब ने लोगों का दिल

## नितीश के अर्धशतक और गेंदबाजों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को 2 रनों से हराया

पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 46 और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 33 रनों की पारी खेलकर अंत तक मैच का रोमांच बनाया




अर्शदीप सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 10वें ओवर में सैम करेन 29 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर दिया। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 33 बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हैदराबाद ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में ऐडन मार्करम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।



नितीश कुमार रेड्डी

### हैदराबाद 182/9 (20 ओवर, अतिरिक्त : 07)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का धवन बो अर्शदीप सिंह | 21 | 15 | 4/0 |
| अभिषेक शर्मा का शशांक सिंह बो करेन | 16 | 11 | 2/1 |
| ऐडन मार्करम का जितेश बो अर्शदीप | 00 | 02 | 0/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी का रबाडा बो अर्शदीप | 64 | 37 | 4/5 |
| राहुल त्रिपाठी को जितेश शर्मा बो पटेल | 11 | 14 | 1/0 |
| हेनरिक क्लासेन का करन बो पटेल | 09 | 09 | 1/0 |
| अब्दुल समद का पटेल बो अर्शदीप | 25 | 12 | 5/0 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 03 | 04 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार का बेयरस्टो बो करेन | 06 | 08 | 0/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 06 | 01 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** कागिसो रबाडा 4–0–32–1, अर्शदीप सिंह 4–0–29–4, सैम करेन 4–0–41–2, हर्षल पटेल 4–0–30–2, हरप्रीत बरार 4–0–48–0

### पंजाब 180/6 (20 ओवर, अतिरिक्त : 02)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन स्टंप क्लासेन बो भुवनेश्वर | 14 | 16 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो कमिंस | 00 | 03 | 0/0 |
| प्रभसिमरन का नितीश बो भुवनेश्वर | 04 | 06 | 1/0 |
| सैम करेन का कमिंस बो नटराजन | 29 | 22 | 2/2 |
| सिकंदर का क्लासेन बो उनादकट | 28 | 22 | 2/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 46 | 25 | 6/1 |
| जितेश का अभिषेक बो नितीश | 19 | 11 | 1/1 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 33 | 15 | 3/2 |

**गेंदबाज :** भुवनेश्वर कुमार 4–1–32–2, पैट कमिंस, 4–0–22–1, थंगारसु नटराजन 4–0–33–1, नितीश कुमार रेड्डी 3–0–33–1, जयदेव उनादकट 4–0–49–1, शाहबाज अहमद 1–0–10–0

## खेल डायरी

### पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू शृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

### तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जायेगी। शृंखला का पहला मैच क्राइस्ट चर्च में खेला जायेगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट शृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की शृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।

### जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

### भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

**टोरंटो।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3–0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6–1, 6–3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2–1 से जीता।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

**लाहौर, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की शृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस शृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

**पाकिस्तानी टीम**

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

## हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस शृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

# ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।



पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

# बॉलीवुड हलचल

## 'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर


**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।



10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग

## 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां में' अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।



## अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है।बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

